● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 175, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 04 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



पूर्व चीफ जस्टिस ने खाली किया सरकारी आवास 5

डिविलियर्स के तूफान से उड़ा पाकिस्तान 6




## भारतीय रेलवे गढ़ रही है नए-नए कीर्तिमान : डॉ. यादव

### जबलपुर-रायपुर और रीवा-पुणे ट्रेन शुरु होने से मप्र के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नया भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन और रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। भावनगर से अयोध्या नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत अत्यंत सुखद है। इससे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ संबंध का स्मरण भी हो रहा है। प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही दुनियाभर में भारत की पहचान बनी हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए और संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश आज रेल कनेक्टिविटी के मामले में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सीधे जुड़ रहा है। जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ से यात्रियों के साथ व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। बघेलखंड अंचल के रीवा में टाइगर सफारी और मैहर शक्तिपीठ की मां शारदा देवी के दर्शन सुलभ हो पाएंगे। इसी प्रकार संस्कारधानी जबलपुर और भेड़ाघाट आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। भारतीय रेलवे ने गत 11 वर्ष में उल्लेखनीय प्रगति की है। इलेक्ट्रिफिकेशन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में 2025-26 में 2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से पड़ोसी राज्य के साथ कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी।

केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का रेलवे के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन से केंद्र सरकार ने 10-11 वर्ष में रेलवे को आधुनिक बनाने के लिए संकल्प के साथ कार्य किए हैं। नई ट्रेनों की शुरुआत, आधुनिक कोच निर्माण और रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार रेलवे के अभूतपूर्व कार्य हैं। रीवा से पुणे की कनेक्टिविटी बढ़ रही है। जबलपुर और रायपुर के बीच नई ट्रेन से जनजातीय अंचल को लाभ मिलेगा। गत 11 साल में 34 हजार किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए हैं। प्रतिदिन 12 किलोमीटर ट्रैक बिछाया जा रहा है और 1300 स्टेशनों का नव निर्माण किया जा रहा है, यह दुनियाभर के विकसित देशों में अपने आप में अलग स्थान रखता है। वंदेभारत जैसी नई ट्रेन चलाई जा रही हैं। देश में 8 अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू की जा चुकी हैं, इसमें वंदेभारत जैसी सुविधाएं कम किराये पर दी जा रही है। नमो भारत, आसपास के दो शहरों की कनेक्टिंग ट्रेन हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रेलवे की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। श्री वैष्णव ने कहा कि पोरबंदर से राजकोट नई ट्रेन जल्द शुरू करेंगे। राणावाद स्टेशन पर नई कोच मेंटेनेंस फैसिलिटी विकसित करेंगे। सारडिया से बांसजालिया नई रेल लाइन बिछाएंगे। मुंबई से अहमदाबाद के बीच जल्द ही बुलेट ट्रेन की भी शुरुआत होगी। यह ट्रेन मात्र 2 घंटे 13 मिनट में गंतव्य तक पहुंचेगी।

## सेना के अधिकारी ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों को पीटा

### एक की रीढ़ की हड्डी टूटी, दूसरे का जबड़ा, तीसरा हुआ बेहोश

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट एयरलाइन ने बताया है कि बीती 26 जुलाई 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उसकी एक फ्लाइट के यात्री ने उसके चार कर्मचारियों को बुरी तरह से पीटा। कर्मचारियों को इतनी बुरी तरह से पीटा गया कि एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी टूट गई और एक के जबड़े में गंभीर चोट आई है। पीड़ितों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एयरलाइन ने सरकार को पत्र लिखकर इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने बताया, 26 जुलाई, 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या स्त्र-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। लात-घूंसों और लाइन लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाले स्टैंड से




कर्मचारियों पर हमला किया गया। इस हमले में कर्मचारियों की रीढ़ की हड्डी टूट गई और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन उसके बाद भी यात्री उसे लात-घूंसों से मारता रहा। बेहोश हुए कर्मचारी की मदद कर रहे एक अन्य कर्मचारी के जबड़े पर जोरदार लात लगने से उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को गंभीर चोटें आई हैं और फिलहाल उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। एयरलाइन ने बताया कि आरोपी यात्री एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था।

स्पाइसजेट ने बताया कि यात्री दो केबिन बैगेज ले जा रहा था जिनका कुल वजन 16 किलो था, जो 7 किलो की सीमा से दोगुना से भी ज्यादा था। जब उन्हें विनम्रतापूर्वक अतिरिक्त सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो यात्री ने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही जबरदस्ती विमान में घुसने की कोशिश की। यह साफ तौर पर विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। उसके बाद सीआईएसएफ के सुरक्षाकर्मी यात्री को वापस गेट तक लेकर आए। गेट पर यात्री का व्यवहार और भी आक्रामक हो गया और उसने स्पाइसजेट ग्राउंड स्टाफ के चार सदस्यों के साथ मारपीट की।

## नितिन गडकरी के घर को बम से उड़ाने की झूठी धमकी

### नागपुर पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को दबोचा

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के घर में बम लगाने की झूठी धमकी देने वाले एक शख्स को नागपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नागपुर के डीसीपी रुशिकेश सिंगारेड्डी ने बताया कि उन्हें एक फोन आया जिसमें कहा गया कि नितिन गडकरी के घर में बम लगाया गया है और वह जल्द ही फटने वाला है। इस फोन के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और बम स्क्वॉड को बुलाया गया, केंद्रीय मंत्री के घर की सुरक्षा को सतर्क किया गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद बम स्क्वॉड ने घर की पूरी तरह से जांच की, लेकिन



कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। तब पुलिस को समझ में आ गया कि यह एक झूठी कॉल है। इसके बाद पुलिस ने फोन करने का लोकेशन ट्रेस किया और उसे ढूंढ निकाला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में उमेश राउत नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कॉल उसी के फोन से किया गया था। पुलिस के मुताबिक, उस व्यक्ति ने सुबह शहर के पुलिस नियंत्रण कक्ष के आपातकालीन नंबर 112 पर कॉल करके धमकी दी थी। पुलिस के अनुसार, उमेश नागपुर में एक शराब की दुकान में सर्वर का काम करता है। उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है और पहले कभी किसी केस में उसका नाम नहीं आया है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि उसने ऐसा क्यों किया। फिलहाल वह पुलिस की हिरासत में है और पूछताछ जारी है। इसके साथ डीसीपी सिंगारेड्डी ने लोगों से अपील की है कि इस तरह की झूठी कॉल करना एक गंभीर अपराध है और ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के मेधावी बच्चों का किया सम्मान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उज्जैन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की शिक्षा स्थली रही है। यहां अध्ययन का अलग ही महत्व है। उन्होंने कहा कि वे उज्जैन में पहली बार पत्रकारों के मेधावी बच्चों के सम्मान के कार्यक्रम में उपस्थित होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मेधावी बच्चों से खूब पढ़ने और उज्जैन के साथ ही मध्यप्रदेश और देश का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को सिटी प्रेस क्लब उज्जैन द्वारा आयोजित समारोह में पत्रकारों के 50 से अधिक मेधावी बच्चों का सम्मान करने के बाद संबोधित कर रहे थे।

## भारत में 2024 में रिकॉर्ड 18900 अंग प्रत्यारोपण : नड्डा

### 3.30 लाख लोगों ने अंगदान की शपथ ली

**दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि भारत ने 2024 में 18,900 से अधिक अंग प्रत्यारोपण करने की शानदार उपलब्धि हासिल की है। एक वर्ष में अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। उन्होंने अंगदानकर्ताओं के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि उनके निस्वार्थ कार्य ने समाज में कई लोगों के लिए दुख को आशा और क्षति को जीवन में बदल दिया है।

नड्डा ने कहा कि यह 2013 में 5,000 से भी कम प्रत्यारोपण की तुलना में एक महत्वपूर्ण छलांग है। उन्होंने कहा कि अंग प्रत्यारोपण की कुल संख्या के मामले में भारत विश्व में तीसरे स्थान पर है, तथा केवल



अमेरिका और चीन से पीछे है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत हाथ के प्रत्यारोपण में विश्व में अग्रणी है, जो हमारी अत्याधुनिक शल्य चिकित्सा क्षमताओं और हमारे चिकित्सा पेशेवरों के अटूट समर्पण को दर्शाता है। 2023 में आधार-आधारित एनओटीटीओ ऑनलाइन प्रतिज्ञा पोर्टल की शुरुआत के बाद से अब तक 3.30 लाख लोगों ने अंगदान की शपथ ली है, जो देश में जागरूकता की बड़ी मिसाल है।

राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन द्वारा 15वें भारतीय अंगदान दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में नड्डा ने कहा कि प्रत्यारोपण की आवश्यकता वाले रोगियों और अंगदान करने वालों की संख्या के बीच काफी अंतर है। उन्होंने कहा, अंग खराब होने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है, जिससे जन स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा हो रहा है। नड्डा ने आगे कहा कि प्रत्येक अंगदाता एक मूक नायक होता है, जिसका निस्वार्थ कार्य दुख को आशा और क्षति को जीवन में बदल देता है।

## देश में बने उत्पाद खरीदने से भारत आत्मनिर्भर बनेगा : मेघवाल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को देश के सभी नागरिकों से अपील की कि वे आत्म निर्भर भारत अभियान में पूरी सक्रियता से भाग लें और भारत में बने उत्पाद ही खरीदें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी के एकजुट होकर प्रयास करने से ही आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा कि आत्म निर्भर भारत अभियान, एक ऐसा अभियान है, जिसमें हर भारतीय को शामिल होना चाहिए। आप जो भी सामान खरीदें, अगर आप भारत में बना सामान खरीदते हैं तो इससे आत्म निर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी।

## दिल्ली की मुख्यमंत्री ने अपने कार्यालय को ई-ऑफिस में बदला

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सचिवालय को पूरी तरह पेपरलेस बनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय ई-ऑफिस में बदल गया है और अब सभी सरकारी दफ्तरों को डिजिटल किया जा रहा है।

इस कदम से काम तेज, पारदर्शी और पर्यावरण के लिए बेहतर होगा। दिल्ली सरकार के 199 में से 119 विभाग अब पूरी तरह ई-ऑफिस पर काम कर रहे हैं। जुलाई में 1.18 लाख से ज्यादा डिजिटल फाइलों का उपयोग हुआ जो पिछले माह से 250 फीसदी ज्यादा है। सचिवालय में शनिवार को विधायक दल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के ई-ऑफिस प्लेटफॉर्म ने प्रशासन को नया रंग दिया है। कागजी फाइलों को डिजिटल करने से न सिर्फ कागज बचा है बल्कि फाइलों की ट्रैकिंग, फैसले लेने और काम लागू करने की रफ्तार भी बढ़ी है। इस बार का 4-8 अगस्त को विधानसभा सत्र ई-विधान प्रणाली से चलेगा।

## ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के छह श्रमिकों की मौत, तीन घायल

**बल्लीकुरवा।** आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में छह प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के



रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी। पूरी जांच के लिए फॉरेंसिक टीम मौके पर भेजी गई है।

जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में मारे गए और घायल हुए सभी मजदूर ओडिशा से आए हुए थे और खदान में काम कर रहे थे। वहीं इस घटना के बाद घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोग और मजदूर संगठनों ने सरकार से मृतकों के परिवारों को मुआवजा और घायल मजदूरों को पूरी मदद देने की मांग की है। हादसे के बाद पुलिस और खनन विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के प्रयास किए गए। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने एक बयान में कहा, मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं।

## मुझसे जबरन मोदी-योगी का नाम लेने को कहा गया : प्रज्ञा

**भोपाल।** मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर




ने मामले की जांच कर रहे अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शनिवार को मुंबई में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि उनसे जबरदस्ती प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और भाजपा नेता राम माधव जैसे नाम लेने को कहा गया, ताकि उन्हें ब्लास्ट से जोड़ा जा सके। साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मुझ पर मानसिक और शारीरिक रूप से अत्याचार किया गया। टॉर्चर इतना अधिक था कि मेरे फेफड़े तक खराब हो गए। मुझे अस्पताल में भी गैरकानूनी रूप से हिरासत में रखा गया। उन्होंने कहा कि अफसरों ने झूठे बयान देने का दबाव बनाया, लेकिन उन्होंने असत्य नहीं बोला।

## गंगा-यमुना का रौद्र रूप... खतरे के निशान से पार

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा और यमुना ने शनिवार को चेतावनी बिंदु (84.73 मीटर) को पार कर रौद्र रूप धारण कर लिया है। देर शाम फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 85.06 और नैनी में यमुना का जलस्तर 85.14 मीटर रिकॉर्ड किया गया। इससे प्रयागराज के कछारी क्षेत्र में बसे 61 से अधिक मोहल्लों व गांवों की 50 हजार से अधिक आबादी बाढ़ की चपेट में आ गई है।

प्रशासन की ओर से खोले गए 12 राहत शिविरों में करीब चार हजार बाढ़ प्रभावितों ने शरण ली है। चिंता की बात यह है जानकारों की ओर से अभी गंगा-यमुना का जलस्तर और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## चुनाव आयोग कर रहा अधिकारों का दुरुपयोग : पी चिदंबरम

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने बिहार में मतदाता सूची की विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग (ईसीआई) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग राज्यों की चुनावी संरचना और मतदाता स्वरूप को बदलने की कोशिश कर रहा है, जो अधिकारों का दुरुपयोग है और इसका विरोध राजनीतिक व कानूनी तरीके से किया जाना चाहिए। पी. चिदंबरम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि बिहार में 65 लाख मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं, जबकि तमिलनाडु में 6.5 लाख नए मतदाताओं को जोड़ने की खबरें चिंताजनक और गैरकानूनी हैं। उन्होंने कहा, इन लोगों को स्थायी रूप से पलायन कर चुके बताना प्रवासी मजदूरों का अपमान है और यह तमिलनाडु की जनता के अपने चुने हुए प्रतिनिधि चुनने के अधिकार में सीधी दखलअंदाजी है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब छठ पूजा जैसे त्योहारों में प्रवासी मजदूर अपने राज्य लौट सकते हैं, तो क्या विधानसभा चुनाव के समय नहीं लौट सकते? कोई भी व्यक्ति तभी मतदाता सूची में शामिल हो सकता है जब उसका स्थायी और कानूनी निवास हो। प्रवासी मजदूरों का ऐसा निवास बिहार या उनके गृह राज्य में होता है, फिर उन्हें तमिलनाडु में मतदाता के रूप में कैसे जोड़ा जा सकता है? उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग जानबूझकर राज्यों की चुनावी पहचान और पैटर्न को बदलने का प्रयास कर रहा है।

## जन्माष्टमी पर 15 दिन तक चलेगा विहिप स्थापना दिवस समारोह

### देश की 80 हजार जगहों पर कार्यक्रम का लक्ष्य

**नई दिल्ली**

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के स्थापना दिवस के उपलक्ष में पूरे देश में 80 हजार स्थानों पर भव्य कार्यक्रम किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जन्माष्टमी (15-16 अगस्त) के एक सप्ताह पहले से लेकर एक सप्ताह बाद तक चलेगा। विहिप ने अपने 60वें स्थापना दिवस में पूरे देश के एक लाख गांवों तक अपना विस्तार करने की योजना बनाई थी। इस बार इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।



विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की राजसमंद में एक दो-दिवसीय बैठक संपन्न हुई है। इसके बाद विहिप के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ सुरेंद्र जैन ने बताया है कि बैठक में कार्य के विस्तार बारे में निर्णय लिए गए हैं। अकेले राजस्थान में ही 4000 से अधिक स्थानों पर विहिप स्थापना दिवस के कार्यक्रम किए जाने की योजना बनाई गई है। प्रत्येक गांव तक विश्व हिंदू परिषद की इकाई की स्थापना की जाएगी।

विहिप नेताओं ने बैठक में माना कि अवैध धर्मांतरण का मुद्दा अधिक गहरी साजिशों के रूप में सामने आ रहा है। यूपी-बिहार से लेकर राजस्थान, दक्षिण और पूर्वोत्तर राज्यों में इसकी समस्या ज्यादा गंभीर हो गई है। इसे देखते हुए स्थानीय नागरिकों के सहयोग से अवैध धर्मांतरण को रोकना आवश्यक है। आदिवासी बहुल इलाकों में ईसाई मिशनरियों की बढ़ती सक्रियता को लेकर भी विहिप चिंतित है।

उन्होंने कहा कि विहिप के प्रयासों से आज पूरे देश के एक दर्जन से अधिक राज्यों में धर्मांतरण विरोधी कानून है, लेकिन इसके बाद भी जगह-जगह धर्मांतरण के मामले सामनह्रे आ रहे हैं जो बताते हैं कि इस समस्या को रोकने के लिए अधिक गंभीर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से भी अवैध धर्मांतरण विरोधी कानून लाए जाने की मांग की जा रही है जिससे इस तरह की गतिविधियों पर पूरे देश में रोक लगाई जा सके।

डॉ जैन ने कहा कि हिंदू लड़के-लड़कियां दोनों धर्मांतरण के षड्यंत्रों का शिकार बन रहे हैं। राजस्थान में नशे का काम बहुत तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नशे के व्यापार से प्राप्त पैसे का उपयोग धर्मांतरण और जिहाद के लिए किया जा रहा है। विहिप ने एक न्यायिक आयोग की स्थापना कर अवैध धर्मांतरण के विभिन्न मामलों और पहलुओं को सामने लाने की मांग की है।

# फर्श पर कराह रहे मरीज, मौसमी बीमारियों ने पकड़ा जोर

## जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की साफ-सफाई भगवान भरोसे

**सिंगरौली।** जल जनित बीमारियों का इन दिनों काफी असर देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में उमड़ी मरीजों की भीड़ के चलते बेड के अभाव के चलते फर्स पर ही मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इन दिनों मस्तिक ज्वर के साथ-साथ डायरिया का प्रकोप मरीजों में देखा जा रहा है। जहां अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिको में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है।

गौरतलब है कि मौसम परिवर्तन के चलते इस समय डायरिया, मस्तिक ज्वर के अलावा सर्दी-जुकाम तेजी से फैल रहा है। अगर एक घर में किसी को इसका असर हुआ तो परिवार के प्रत्येक सदस्य इसके चपेट में आ रहे हैं। मौसम परिवर्तन के बदौलत यह संक्रमण की बीमारी फैल रही है। जिसके चलते जिला अस्पताल के साथ-साथ निजी क्लीनिको में मरीजो की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां तक कि चिकित्सको के यहां इतनी भीड़ उमड़ रही है कि मरीजों को देखने




तक का फूर्सत नही मिल पा रही है। मौसम की मार सबसे ज्यादा मासूम बच्चों पर देखा जा रहा है, इस मस्तिक ज्वर, सर्दी-जुकाम के संक्रमण में छोटे बच्चे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। यही वजह है कि जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर में जैसे ही सुबह पर्ची काटने का समय होता है तो हजारों की तादात में भीड़ उमड़ती है। जहां पर्ची कटवाने के लिए होड़ मच जाती है। यहां तक कि चिकित्सको के पास भी ऐसे ही हालात बने रहते हैं। जहां अधिकांश चिकित्सक तो मरीजों की नब्ज तक नही पकड़ते, सिर्फ पूछते हैं कि हुआ क्या है, उसी के आधार पर दवा लिखी जाती है। चाहे वह दावा कारगर साबित हो या फिर नुकसान करे। इससे चिकित्सको को कोई लेना-देना नही रहता है। यही हालात निजी क्लीनिको में भी देखने को मिल रहा है।

### जगह-जगह चिकित्सालय में फैली गंदगी

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर की साफ-सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संविदाकार को सौपी गई है। तब से जिला चिकित्सालय की व्यवस्था पूरी तरीके से बेपटरी पर पहुंच गई है। हालात तो इस तरह खराब हो चुके हैं कि जगह-जगह गंदगी फैली हुई है। गंदगी के चलते हालात बिगड़ गया है। बताया जाता है कि ट्रामा सेंटर की दूसरी व तीसरी मंजिल की साफ-सफाई भगवान भरोसे चल रही है। कहने के तो सफाई कर्मी बैठी रहती हैं, लेकिन गंदगी वार्डो के सामने देखने को मिल रही हैं। बताया जाता है कि चिकित्सालय के जो ट्रॉयलेट रूम हैं, वहां का हालात बद से बदत्तर हो गया है। यहां की साफ-सफाई नही की जाती है। जिसके चलते मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक तरफ मरीज चिकित्सालय में ठीक होने आये हैं, वही दूसरी ओर गंदगी बीमारी फैला रही है।

### मजबूर मरीज व परिजन

जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के हालात किसी से छिपे नही हैं। यहां तो मनमानी करने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। हालात इन दिनों बद से बदत्तर हो चुका है। बेड की कमी से जिला अस्पताल शायद जूझ रहा है। तभी तो बेड के अभाव में मरीजों को फर्स पर लेटाकर इलाज किया जा रहा है। इन दिनों मौसमी बीमारियों के चलते मरीजों का ग्राफ जिला अस्पताल में बढ़ा है, जहां जगह की कमी भी खल रही है। मरीजों के परिजनों की माने तो जिला चिकित्सालय में सुबह एक बार रूटिंन चेकअप के लिए चिकित्सक आते हैं, इसके बाद दिनभर चिकित्सको के इंतजार में मरीज टकटकी लगाये रहते हैं। सिर्फ नर्सिंग ऑफिसर के भरोसे जिला अस्पताल में मरीजो की दवा हो रही है। यहां तक कि मरीजों के परिजन बुलाने जाते हैं तो, उसमें भी मरीजों के परिजनों को चार बात सुननी पड़ती है।

# कलेक्टर पर भारी पीडब्ल्यूडी एवं आरईएस के कार्यपालन यंत्री

## चितरंगी जनपद के ग्राम पंचायत खटाई का मामला, नही पहुंचा जांच दल

**सिंगरौली।** लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सिंगरौली के द्वय कार्यपालन यंत्री कलेक्टर के निर्देशों का कितना पालन कर रहे हैं। इसका एक जीता जागता उदाहरण ग्राम पंचायत खटाई का है। जहां एक पखवाड़े बाद भी द्वय कार्यपालन यंत्री जांच करने नही पहुंचे।

दरअसल जानकारी के मुताबिक जनपद पंचायत क्षेत्र चितरंगी के ग्राम पंचायत खटाई के सरपंच हिरामन देवी साहू ने कलेक्टर के यहां शिकायत की थी कि ग्राम पंचायत खटाई में पूर्व सरपंच व सचिव के द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यो में भारी अनियमितता की गई है। सरपंच का आरोप है कि ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच छोटेलाल कोल एवं सचिव भगवान सिंह के द्वारा वर्ष 2020 से लेकर 2022 में पंचायत मद से स्वीकृत निर्माण कार्यो, जिसमें पीसीसी निर्माण, आदिवासी बस्ती खटाई, सार्वजनिक चबुतरा निर्माण, पॉच की संख्या में शोकपीट निर्माण, पीएम आवास में हितग्राही रामबरन बैगा निवासी चिकनी से बेजा रकम वसूलने जैसे अन्य कई गंभीर




अर्थिक अनियमितता के आरोप हैं। सरपंच के इस शिकायत के आधार पर कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने पिछले माह 17 जुलाई को द्वय कार्यपालन यंत्री लोनिवि एवं आरईएस को संयुक्त रूप से पंचायत पहुंच शिकायतों की बिन्दुवार जांच करते हुये 15 दिवस के अंदर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया था। सरपंच का आरोप है कि आज तक द्वय कार्यपालन यंत्री जांच करने नही आये। यहां बताते चले कि आरईएस के कार्यपालन यंत्री की कार्यप्रणाली जगजाहिर है। उनके कारनामें एक नही अनेक हैं। जिसके चलते किसी न किसी मामले को लेकर विभाग स्तर पर चर्चाओं में बने रहते हैं। खटाई पंचायत में सरपंच के द्वारा लगाये गये आरोपों की जांच करने से कतरा रहे हैं। इसके पीछे मुख्य कारण क्या है, इसे तो द्वय कार्यपालन यंत्री ही बता पाएंगे। लेकिन सरपंच का आरोप है कि राजनैतिक दबाव के आगे कार्यपालन यंत्री भी कलेक्टर के आदेश पर भारी पड़ रहे हैं। जिसके चलते अभी तक जांच करने के लिए समय नही निकाल पा रहे हैं। उसके लिए तरह-तरह के बहानेबाजी बता रहे हैं।

# बीछी-हरमा मार्ग के मध्य कैमोर पहाड़ धसका

## आवागमन प्रभावित, पुलिस आरक्षक के नजरों के सामने पहाड़ का गिरा मलवा



**सिंगरौली।** स्थानीय विकास खण्ड के बीछी-हरमा मार्ग के मध्य आज दोपहर करीब 3 बजे कैमोर पहाड़ का मलवा सड़क पर धसक गया। जहां आवागमन बाधित हो गया है। सड़क पर मिट्टी व भारी भरकम पत्थर भी जमा हो गये हैं। इस दौरान बगदरा चौकी में पदस्थ एक आरक्षक के नजरों के सामने पहाड़ धसका व किसी मामले में हरमा गये हुये थे और वापस बगदरा जा रहे थे।

गौरतलब है कि जिले में पिछले जून महीने के दूसरे सप्ताह से ही बारिश का दौर चल रहा है। चितरंगी क्षेत्र में अन्य तहसीलों के मुकाबले ज्यादा बारिश हो रही है। बीती शनिवार की रात से ही क्षेत्र में तेज बारिश का दौर जारी है। इस मूसलाधार बारिश से एक बार फिर नाले उफान पर आ गये हैं। खेत व तालाब जलमग्र हो गये हैं। इस बारिश का असर कैमोर पहाड़ पर भी दिखा है। आज दिन रविवार की दोपहर करीब 3 बजे बीछी-बगदरा मार्ग के मध्य पहाड़ धसक कर उसका मलवा सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि उस दौरान कोई हादसा नही हुआ। सड़क पर पहाड़ का मलवा गिर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है।

# डीईओ पहुंचे ट्रामा सेंटर, शिक्षक के शव को गृह ग्राम किया रवाना

**सिंगरौली।** सड़क हादसे में शिकार शिक्षक रामचन्द्र राम के अकाल मौत पर जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह ने एपीसी हरिश्चन्द्र सिंह के साथ जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त करते हुये श्रद्धांजलि देकर मृत आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वही परिवार जनों से मिलकर ढांढस बंधाया। साथ ही मृतक के शव को छत्तीसगढ़ प्रांत के गृह ग्राम जिला जशपुर के लिए एम्बुलेंस वाहन से रवाना किया। इस दौरान अन्य शिक्षक प्रदीप तिवारी, आईटी सेल , सह संयोजक राजेन्द्रधर द्विवेदी, सर्वेश द्विवेदी समेत अन्य शिक्षा विभाग का स्टाफ भी शोक श्रद्धांजलि व्यक्त करने पहुंचे।

# जेसीबी के टक्कर से बाईक सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत

## कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी गनियारी मार्ग हिर्रवाह रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ हादसा, सड़क का गड्ढा बना मौत का कारण

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र बैढ़न के समीपी गनियारी मार्ग के हिर्रवाह रेलवे क्रॉसिंग के समीप आज दिन रविवार की 11 बजे जेसीबी के टक्कर से मोटरसाइकिल सवार शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। गड्ढा बचाने के चक्कर में शिक्षक जेसीबी से टकरा गया और जैसे ही जमीन पर गिरा उसके सिर पर टायर चढ़ गया। जहां घटना स्थल पर ही शिक्षक दम तोड़ दिया।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रांत के रामचन्द्र राम पिता फगुनाथ राम उम्र 40 वर्ष निवासी आराकुना वर्तमान समय पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय मकरोहर में बतौर शिक्षक के रूप में कार्यरत था। सुबह करीब 6 बजे अपने किराये के कमरे गनियारी से हिर्रवाह तरफ गया था कि वापस अपने रूम आ रहा था। तभी हिर्रवाह रेलवे क्रॉसिंग के समीप सड़क के गड्ढे को बचाने लगा, तभी सामने से आ रहे जेसीबी वाहन क्रमांक एमपी 66 जेडबी 0391 से टकरा गया और शिक्षक सड़क पर गिर पड़ा। जिसके सिर के ऊपर जेसीबी का टायर चढ़ गया। इस घटना में शिक्षक घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस बैढ़न मौके से पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुये तत्काल जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर के लिए रवाना कर दिया। वही घटना की सूचना पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी दिया। जहां मौके पोस्टमार्टम कक्ष परिजन भी पहुंच गये। इधर कोतवाली पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद जेसीबी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### गड्ढा बना मौत का कारण

जानकारी के अनुसार रेलवे क्रॉसिंग के नीचे एवं आगे भी गड्ढा है। अनुमान लगाया जा रहा है कि मोटरसाइकिल शिक्षक गड्ढे को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही जेसीबी मशीन से टकरा गया। जहां वह हादसे का शिकार हो गया। यहां के आसपास के रहवासी भी बता रहे हैं कि गनियारी हिर्रवाह मार्ग सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गड्ढों में बारिश का पानी भरने से गहराई का पता नही चल पाता। जिसके चलते बाईक सवार चालक हादसे का शिकार हो जा रहे हैं। दो महीने से सड़क मरम्मत कराने की मांग स्थानीय जनों के द्वारा की जा रही है, लेकिन नगर निगम क्षतिग्रस्त सड़को का मरम्मत नही करा रहा है।

# महिला की हत्या करने वाले दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

### बरगवां थाना क्षेत्र का मामला, अपर लोक अभियोजक ने किया पैरवी

**सिंगरौली।** न्यायालय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश देवसर के विजय कुमार सोनकर द्वारा एक सनसनीखेज महिला की हत्या के प्रकरण में दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा एवं पॉच-पॉच हजार रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया गया है। परिवादी के तरफ से मारकण्डेय मणि त्रिपाठी अपर लोक अभियोजक ने पैरवी किया था। अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी के अनुसार 13 मई 2020 को समय 1ः30 बजे से 5ः30 बजे के मध्य चलकी नाला के दक्षिण के किनारे राजकुमार बैस के दुकान के पास ग्राम अजनी थाना बरगवां अंतर्गत मृतिका माधुरी का शव मिला था। जहां जांच पड़ताल हुई और उक्त महिला की हत्या प्रदीप कुमार बैस पिता शिवकुमार बैस उम्र 33 वर्ष निवासी धरसड़ा एवं लाले प्रसाद यादव पिता रामधार यादव उम्र 40 निवासी अजनी ने किया था। बरगवां पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध हत्या की भादवि की धारा 302/34 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुये जांच पड़ताल किया और आरोप सही पाये जाने पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। साथ ही पुलिस ने दो जुलाई 2020 को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश देवसर के न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। जहां तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार सोनकर द्वारा उभय पक्षों का प्रकरण सुनने के बाद साक्ष्यों के आधार पर पिछले दिनों उक्त दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं पॉच-पॉच हजार रूपये के अर्थदण्ड से सजा करने का फैसला सुनाया गया है।

# काल बनते कोयला लदे ट्रक, सड़कों पर मौत बन घूम रहे हैं ये रफ्तार के राक्षस

**सिंगरौली।** कोयला खदानों से निकलकर मुख्य मार्गों से गुजरते भारी-भरकम ट्रक और ट्रेलर अब आमजन के लिए एक गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इन ट्रकों पर कोयला लोडिंग के दौरान न तो सुरक्षा मानकों का ध्यान रखा जाता है और न ही ट्रैफिक नियमों का। सड़क पर जैसे ही कोई कोयला लदा ट्रक सामने आता है, गुजरती गाड़ियों के चालकों की सांसे थम जाती हैं। हर कोई बस यही सोचता



है कि अगली दुर्घटना में शायद उसकी बारी न हो।

एनसीएल की कोयला परियोजनाओं से जुड़े इन ट्रकों की हालत यह है कि सड़कों पर ओवरलोडिंग करते हुए ये बेलगाम दौड़ते हैं। सुरक्षा नियमों की धज्जियाँ उड़ाते ये वाहन किसी भी क्षण किसी निर्दोष की जान ले सकते हैं। न तो चालक के पास पर्याप्त प्रशिक्षण होता है और न ही ट्रकों की तकनीकी स्थिति सड़क योग्य होती है। आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ एक ओर स्थानीय पुलिस और प्रशासन आम नागरिकों के हेलमेट और ट्रिपल राइडिंग की जाँच में दिन-रात जुटा रहता है, वहीं इन खतरनाक ट्रकों पर कोई सख्ती नहीं दिखाई जाती। शायद इसलिए क्योंकि ये ट्रक किसी रसूखदार ठेकेदार या प्रभावशाली ट्रांसपोर्टर से जुड़े होते हैं और अगर ऊपर तक सेटिंग है तो डर कैसा।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की जिला स्तरीय बैठक आयोजित




**सिंगरौली।** पूर्व निर्धारित तिथि अनुसार संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगवां में म.प्र. शिक्षक संघ जिला सिंगरौली कि बैठक आयोजित हुई।

बैठक कि अध्यक्षता जिला संगठन मंत्री हरीशचंद्र सिंह ने कि बैठक का संचालन जिला महामंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने किया। बैठक में मुख्य चर्चा का विषय गुरुबंदन कार्यक्रम एवं संघ कि सदस्ता कि समीक्षा कि गई। साथ ही ई-अटेंडेंस जो जबरदस्ती शिक्षकों पर थोपा गया है। उस पर सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा विरोध दर्ज कराया गया, जिस पर जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित सदस्यों से आग्रह किया गया। जैसा प्रांत स्तर से निर्देश प्राप्त होगा, उसी अनुरूप ई-अटेंडेंस का विरोध दर्ज कराया जायेगा।

बैठक में संघठन मंत्री द्वारा संकुल स्तर पर योजना बनाकर कार्य करने कि आह्वान किया गया। संगठन मंत्री द्वारा सदस्यता को अधिक से अधिक बढ़ाने और सभी शिक्षकों तक अपनी पहुंच बनाने पर जोर दिया गया। बैठक के समापन पर जिला महामंत्री द्वारा उपस्थित तीनों ब्लॉक एवं तहसील के पदाधिकारियों एवं संदीपनी विद्यालय के प्राचार्य के प्रति आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष चितरंगी दिवाकर सिंह, तहसील अध्यक्ष चितरंगी धनंजय सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष देवसर माखनलाल प्रजापति एवं सचिव केके पाठक बौद्धराम, अरविन्द तिवारी, संभागीय सदस्य सुनील द्विवेदी, अजय साकेत, प्राचार्य गन्नई, सर्वेश द्विवेदी नगर अध्यक्ष एवं तीनों ब्लॉक से अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

# आम आदमी की बैठक संपन्न, कई लोगों ने थामा आप का दामन

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी सिंगरौली के महापौर एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में आज दिन रविवार को पार्टी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें आप के यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष जायेंद्र सोमवंशी के सिंगरौली प्रथम आगमन पर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा मल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिसमें प्रदेश संयुक्त सचिव अक्षय, यूथ जिला अध्यक्ष नीरज कुशवाहा, महिला जिला अध्यक्ष सुमित्रा शाह, ओबीसी विंग जिला अध्यक्ष संजय, अशोक कुमारी, हिरमनिया सिंह, इंदु विश्वकर्मा, सीमा, शिवा, जिला सचिव अनिल, संदीप चंदेल, संत कुमार केवट, मुकेश, मोहित सिंह, फंटू अग्रवाल, दीपक सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजेश रुद्रम, बबुआ राम वैश्य एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही निषाद पार्टी के अध्यक्ष संत कुमार केवट , पिछड़ा शोषित समाज स्वयं सेवक संघ के अध्यक्ष इंदू विश्वकर्मा, यूथ निषाद पार्टी के राजेश कुमार केवट, कन्हैयालाल पनिका सहित कईयों ने आम आदमी पार्टी का दामन थामा है।

# दीपा सिंह घोषित हुई तीज क्वीन, किया गया सम्मानित

## लायंस क्लब विद्युत विहार द्वारा हरियाली तीज पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया, आस्था, उमंग और सौंदर्य से सजा तीज महोत्सव

**सिंगरौली।** लायंस क्लब विद्युत बिहार की महिला सदस्यों द्वारा हरियाली तीज का पारंपरिक पर्व बड़े ही उत्साह, भक्ति और उल्लास के साथ होटल राजकमल के सभागार में मनाया गया।

कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन के साथ आस्था गुप्ता के द्वारा गणेश वंदना की मनोरम प्रस्तुति से हुआ। हरियाली तीज का यह पर्व नारी शक्ति की आस्था, प्रेम और सांस्कृतिक समर्पण का प्रतीक है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन माता पार्वती ने भगवान शिव को अपने तप और भक्ति से प्रसन्न कर जीवनसाथी के रूप में प्राप्त किया, यही कारण है कि यह पर्व शिव-पार्वती के पुनर्मिलन के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है, हरियाली तीज का वातावरण उत्सवमयी रहा रंग-बिरंगे परिधान, पारंपरिक



गीतों की गूंज, नृत्य और झूलों की रौनक ने कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। सावन की हरियाली की प्रस्तुति के लिए महिलाओं ने लोकगीत गाए, झूला-झूले और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रावती बैस, दीपा सिंह, ममता अग्रवाल, बबली गुप्ता, मंजू बंसल एवं कंचन सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उपस्थित महिलाओं ने झूला झूलने के साथ-साथ पारंपरिक तीज गीतों का गायन कर वातावरण को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। उपस्थित महिलाओं द्वारा दीपा सिंह को तीज क्वीन घोषित कर सम्मान प्रदान किया गया। लायंस क्लब विद्युत विहार की प्रथम महिला चंद्रावती बैस ने सफल आयोजन के लिए उपस्थित महिला सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं तथा क्लब को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित महिलाओं में चंद्रावती बैस, मंजू बंसल, निशा बंसल, पद्मा श्रीनिवास, शिखा बंसल, बबली तारकेश्वर, रश्मि अग्रवाल, अंजलि सिंह, ममता अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल, स्वाति केशरी, दीपा सिंह, प्रीति जायसवाल, लक्ष्मी जायसवाल, मधु सिंह, अर्चना शाह, विभा चौरसिया, आरती जायसवाल, साक्षी शरण, रीनू सिंह, इंदु सिंह, मेघा सिंह, कंचन सिंह, प्रियंका अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# शासकीय चिकित्सालय से शव को घर तक निःशुल्क पहुंचाने 2 शव वाहन मिले

## सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने दोनों शव वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

सीधी

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सीधी जिले को दो शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। रविवार दिनांक 3 अगस्त 2025 को राज्य से प्राप्त दोनों शव वाहनों को सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने जिला चिकित्सालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



सांसद डॉ मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सराहनीय पहल की गई है। प्रदेश में राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय संस्था में रोगी अथवा दुर्घटना पीड़ित के उपचार के दौरान मृत्यु उपरांत मृतक को निवास स्थल, श्मशान घाट तक निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से शववाहन सेवा का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इससे गरीब परिवारों को अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ वाहनों के संचालन के निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे ने बताया परियोजना अंतर्गत शव वाहन द्वारा शासकीय अस्पताल से मृतक के निवास स्थल, शमशान घाट तक निःशुल्क परिवहन किये जाने हेतु पात्रता निर्धारित है, शव वाहन का संचालन केवल जिले की सीमा के अंदर किया जायेगा। निजी चिकित्सालयों, निवास स्थल एवं अन्यत्र किसी भी स्थान में हुई मृत्यु के प्रकरण में शववाहन उपलब्ध कराये जाने की पात्रता नहीं होगी। इस अवसर पर समाजसेवी देव कुमार सिंह चौहान, अध्यक्ष जनपद पंचायत सीधी धर्मेंद्र सिंह परिहार, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, सिविल सर्जन डॉ एस.बी. खरे, चिकित्सक गण एवं अस्पताल कर्मी सहित बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 891.2 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा सिहावल में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 03 अगस्त को सीधी जिले में 38.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 20.6 मि.मी., चुरहट 36.0 मि.मी., गोपद बनास में 19.0 मि.मी., सिहावल में 79.4 मि.मी., बहरी में 25.0 मि.मी., मझौली में 74.0 मि.मी. और कुसमी में 15.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 891.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 03 अगस्त तक तहसील सिहावल में सर्वाधिक वर्षा 1030.0 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 715.7, चुरहट में 763.0, गोपद बनास में 859.2, बहरी में 951.3, मझौली में 1012.0 मि.मी. और कुसमी में 907.5 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 460.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 430.8 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# कोतवाली के सामने ही स्कूटी के साथ पकड़ी गई 750 एमएल देशी-विदेशी शराब

## पैकारी कराने ले जा रहा था युवक शराब



**सिंगरौली।** पिछले माह 15 से 30 जुलाई तक डीजीपी पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान चलाया गया था। हालांकि इस अभियान का असर जिले में कितना रहा, यह बात किसी से छुपी नही है। जिले में मादक पदार्थ का कारोबार व्यापक पैमाने पर चल रहा है। वह जगजाहिर है। आज भगवती मानव कल्याण संगठन ने कोतवाली पुलिस के सामने एक स्कूटी से दो कार्टून देशी-विदेशी शराब पकड़ा है। जानकारी के अनुसार आज दिन रविवार की शाम करीब 4 बजे कोतवाली बैढ़न के सामने वाली मार्ग से एक स्कूटी वाहन क्रमांक एपी 66 एस 6459 गुजर रही थी और किसी कार्य के लिए भगवती मानव कल्याण के संगठन के लोग किसी काम से पहुंचे थे। तभी स्कूटी में दो कार्टूनों पर उनकी नजर पड़ी। स्कूटी वाहन को पकड़कर चालक आरोपी राजेश सिंह निवासी बिहार से पूछतांछ कर कार्टून को लाया गया। जहां उसमें देशी-विदेशी शराब निकली। स्कूटी चालक ने उक्त संगठन को बताया कि यह शराब बैढ़न के लायसेंसी दुकान से खरीदकर पैकारी के लिए ले जाया जा रहा था। उसने यह भी बताया कि यह आये दिन का काम है। उक्त शराब एवं चालक को कोतवाली पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। जहां कुल शराब 750 एमएल की 24 बोतल थी। आरोप है कि कोतवाली पुलिस एवं आबकारी के संरक्षण में शराब गांव-गांव में पैकारी चलाई जा रही है और सब का महीना फिक्स है।

# मानव अधिकारों की रक्षा ही मानवाधिकार है : राकेश



**सीधी।** भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग चंद्रवंशी, राष्ट्रीय कल्याण सचिव डॉ.अजय चौधरी, मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रभारी चंद्रकला विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य के मुख्य आतिथ्य में आई. डी कार्ड वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य द्वारा कहा गया कि मानव अधिकारो की रक्षा ही मानवाधिकार है। हम सब पदाधिकारियों और सदस्यों को इसी सिद्धांत को लेकर अन्याय, अत्याचार और अपराध के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। बैठक की अध्क्षता कर रहे जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह द्वारा कहा गया कि संगठन में अनुशासन का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। बैठक का संचालन जिला महासचिव अमित प्रधान द्वारा किया गया । इस अवसर पर जिला विधिक सचिव बृजभान प्रजापति, विनय कुमार द्विवेदी, देवेंद्र प्रसाद मिश्रा, बुद्धसेन साकेत , रामायण पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को

**शहडोल।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने जानकारी दी कि अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 4 अगस्त को दोहपर 2 बजे से जिला पंचायत शहडोल के सभागार में आयोजित की जाएगी।

# आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से ब्यौहारी के ग्राम सरसी निवासी श्री शुभम सिंह को उपचार हेतु 35 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

# सीईओ की मौजूदगी में 108 वट वृक्ष को किया गया रोपित

**सिंगरौली।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले भर में वृक्षारोपण किया जा रहा है। उसी परिपेक्ष्य में आज दिन रविवार को कंचन नदी के तट पर 108 वट वृक्ष के पौधे को रोपित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह नागेश के साथ-साथ अन्य अधिकारी-कर्मचारी व पंचायत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



सावन के पावन माह में आज दिन रविवार को कंचन नदी के तट पर 108 वट स्वरूप देव मूर्तियों की स्थापना का कार्य ग्राम पंचायत देवरी के पंचायत पदाधिकारी, स्थानीय बालवृंद और जिला पंचायत, जनपद पंचायत बैढ़न के सभी अधिकारी-कर्मचारी के द्वारा आयोजित किया गया। कंचन नदी पर देवरी, गड़हरा, तेलदह, डिग्गी, गड़ेरिया, बिहरा तेंदुहा पंचायत में व्यापक स्तर पर सुरक्षित पौधरोपण किया जा रहा है । अब तक 45 हजार पौधों का रोपण किया जा चुका है। विशेष रूप से स्थानीय प्रजाति के पौधों को तैयार करने पर जोर दिया जा रहा है। स्थानीय पंचायतों विशेष कर स्व. सहायता समूहों के द्वारा इन कार्यों में अपनी यथेष्ट भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। जिन्होंने एक बगिया माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इन पौधों को पुष्पित और पल्लवित करने में अपना योगदान दिया है।

## यात्रियों एवं छात्र छात्राओं को पूने जाने लिए मिली एक बड़ी सौगात

# रीवा से पुणे चलने वाली ट्रेन के प्रथम आगमन पर सांसद व विधायक ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**मैहर।** मां शारदा देवी की पावन नगरी में वर्षों से लंबित मांग पूना के लिए सीधी रेल सेवा का शुभारंभ आज हो गया विधिवत सांसद गणेश सिंह व विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मैहर ने मैहर में पहली बार आई इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ज्ञात हो कई बार सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने रेल सलाहकार समिति के वरिष्ठ सदस्य बलराम जग्यासी की अगुवाई में यह मांग सांसद गणेश सिंह के जरिए मंत्रालय से की थी रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रीवा से पुणे नई ट्रेन की सौगात अब मिली है यह ट्रेन प्रति बुधवार को रीवा से सुबह 6ः45 पर चलकर अगले दिन गुरुवार को पुणे पहुंचेगी एवं उसी दिन पुणे से 3ः15 दोपहर को चलकर अगले दिन रीवा पहुंचेगी जिसका नियमित स्टॉपेज रीवा सतना मैहर कटनी होते हुए महाराष्ट्र पुणे तक की यात्रा होगी आज इस ट्रेन की शुरुआती दौर पर आज दोपहर 1 बजे यह ट्रेन मैहर रेलवे स्टेशन पहुंची जहां पर सतना सांसद गणेश सिंह एवं मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी वह भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने एवं रेलवे बोर्ड के सदस्य संजय राय ने प्रथम आगमन पर ट्रेन रेलवे स्टेशन पहुंच विधिवत स्वागत किया साथ ही ट्रेन के चालक हेमंत तिवारी एवं शिवांशु सोनी वा ट्रेन मैनेजर का माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराया इस अवसर पर काफी मात्रा में भारतीय जनता पार्टी के जिला एवं मंडल के पदाधिकारी समाजसेवी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे इसके साथ ही मैहर रेलवे स्टेशन प्रबंधक नरेंद्र सिंह एवं आज विशेष तौर पर उपस्थित एडीआरएम आनंद कुमार की उपस्थिति रही सांसद एवं मैहर विधायक ने कहा कि निश्चित ही विंध्य क्षेत्र से महाराष्ट्र के लिए आवा गमन का यह एक बड़ा साधन होगा। खासकर विंध्य क्षेत्र के छात्र छात्र-छात्राओं को पुणे तक आने-जाने में काफी सुविधा होगी



# बहनों ने भाई की कलाई में बांधा प्यार,भाई ने भी दिया उपहार

**मैहर।** निश्चित ही मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के इस उपहार की जितनी सराहना की जाय कम होगी। उन्होंने रक्षा बंधन के पवित्र त्यौहार पर क्षेत्र की तमाम सफाई कर्मी बहनों से राखी बंधा उन्हें नकद उपहार 2500/- दिया। बात उपहार की नहीं है भाई तो सदैव बहनों को उपहार देने को तैयार रहता है लेकिन मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने जिस भाव से जिस उम्दा सोच के साथ बहनों से प्रेम का धागा बंधवाया यह उनकी भावनाओं को प्रदर्शित कर गया। बात मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी कि की जाय तो वे सदैव खुले मंचों से इस बात को कहते है कि उनकी सोच उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों के लक्ष्य को अगर मेरी जनता मेरे साथ भर खड़ी रहे तो मैं मैहर की दिशा और दशा दोनों बदल दूंगा। उनका मानना है कि उनके निर्णय आज लोगो की सोच में गलत हो सकते है लेकिन दूरगामी परिणाम बेहद सुखद होंगे। एक लक्ष्य एक मिशन मेरा मैहर प्रदेश के मानचित्र में अपनी सौम्यता के लिए चित्रांकित होता रहे। आज जिस तरह से उन्होंने सर्व वर्ग संभाव को जागृत करते हुए जो मिसाल बहनों के साथ स्थापित की समाज के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-सीधी (म0प्र0)
Email-modgmsid@mp.gov.in

क्रमांक/564 /खनिज/2025 सीधी, दिनांक 29/07/2025

// प्रथम सूचना //

" म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) "

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक सिद्धिदात्री मिनरल्स प्रा.लि. निवासी शास्त्री नगर सीधी, थाना कोतवाली, तहसील-गोपदबनास, जिला-सीधी द्वारा ग्राम-बरसेनी, तहसील-मझौली, द्वारा पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन 23.07.2025 को प्रस्तुत किया गया है। दिनाँक 02.08.2025 से 01.09.2025 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanijmp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | ख.क्र. | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीधी | मझौली | बरसेनी | 989/1/2, 989/3, 989/4, 989/5 989/6, 989/7, 990/1, 990/2, 990/3, 991 | 03.900 | निजी /शासकीय | ग्रेनाईट | – |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनाँक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र द्वारा तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म0प्र0 गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जायेगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि मे अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-सीधी (म.प्र.)

जी-16689/25

# स्वदेशी जागरण मंच विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने के लिए जिले में चलाएगा अभियान

## हर घर स्वदेशी अभियान से देश बनेगा आर्थिक विकसित एवम सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रमोद

**सीधी।** अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने कहा कि लोगों को स्वदेशी उत्पादों के उपयोग और विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के वास्ते प्रोत्साहित करने के लिए टीम वर्क के तहत जल्द ही जिले में एक बृहद अभियान शुरू करेगें। अंतराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे उथल पुथल के चलते आने वाला कल भयावह हो सकता है अतः समय की मांग है एवम देश के प्रधानमंत्री सहित विशेषज्ञों की राय है कि हर घर स्वादेशी वस्तुओं को ही दिनचर्या में शामिल करें एवम यथा संभव हर प्रयास कर विदेशी वस्तुओं का वहिष्कार करें।



अधिवक्ता प्रमोद कुमार मिश्र

जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच ने कहा कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देश इन दिनो शोसलमीडिया एवम अन्य माध्यमों से अपने लोगों को बता रहें हैं कि कौन कौन से उत्पाद स्वादेशी हैं और कौन कौन से उत्पाद विदेशी हैं, ऐसे में हम सबको भी अभियान के तहत उक्त कार्य को गति देनी चहिए यह हम सब का मौलिक दायित्व भी है। देश प्रेम की भावना तो हर हिंदुस्तानी में है किन्तु जागरूकता के अभाव में हम सुबह से लेकर रात तक के समय में इन दिनो ज्यादातर विदेशी वस्तुओं, कम्पनी के उत्पादों पर निर्भर हो चुके हैं। जिसके दुष्परिणाम भयावह हो सकते हैं।

### देश हित में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार : आशुतोष



आशुतोष गुप्ता एड. जिला विचार प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच ने जिले के युवा वर्ग से विनम्र अपील की है कि शोसल मीडिया एव जन चर्चा में स्वादेशी बस्तु अपनाने एवम विदेशी वस्तुओं के वहिष्कार की चर्चा कर उन्हे इसके लिये प्रेरित करें, यह समय की मांग है साथ ही हम सबका देश हित में दायित्व भी बनता है। जिले के व्यापारियों से भी अपील की है कि वे विदेशी सामान न बेचें, साथ ही उपभोक्ताओं को भी इस विषय में जागरूक करें।

# मेडिकल कॉलेज एवं जिला अस्पताल को मिले 2-2 शव वाहन

**शहडोल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने जानकारी दी है कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शहडोल जिले को चार शव वाहन प्रदाय किये गए है। उन्होंने बताया कि मेडिल कॉलेज एवं जिला अस्पताल शहडोल को 2-2 शव वाहन मिले है। शव वाहन का संचालन केवल जिले की सीमा के अन्दर किया जायेगा तथा शासकीय अस्पतालों मे मृत्यु उपरांत मृतकों को अस्पताल से श्मसान घाट तक सेवा प्रदान करने के लिए शव वाहनों का उपयोग किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शव वाहनो के लिए नोडल अधिकारी डॉ. अनसुमान सोनारे होगे, जिनका मोबाइल नम्बर-799475657 है तथा शव वाहन की आवश्यकता पडने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक से सम्पर्क कर वाहन प्राप्त किया जा सकता है। सिविल सर्जन सह अधीक्षक जिला अस्पताल शहडोल का मोबाइल नम्बर-9424646797 है इन एम्बुलेंसों का संचालन 108 एम्बुलेंस एमरजेंसी सेवाओं के द्वारा किया जायेगा।

## संपादकीय

### राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की हो रही अनदेखी

देश में जब राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा था, तब यह उम्मीद जताई गई थी कि ये आवाजाही के सुगम और सुरक्षित मार्ग साबित होंगे। कई लेन में आने-जाने के लिए बनीं चौड़ी सड़कों ने तेज रफ्तार को मानो नए पंख दे दिए। कम समय में गंतव्य तक पहुंचने की चाह रखने वालों की बरसों पुरानी इच्छा पूरी हो गई। लोग कुछ ही घंटे में सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा पूरी करने लगे। मगर यह सुगम मार्ग सुरक्षित नहीं रहा। आज स्थिति यह है कि चालक गति सीमा तोड़ कर वाहन चलाने लगे हैं। इस दौरान वे कई नियमों की अनदेखी करते चले जाते हैं। नतीजा यह कि हादसे से बचने के लिए उन्हें ब्रेक लगाने तक का समय नहीं मिलता। राजमार्गों पर अचानक ब्रेक लगाना न केवल चालक के लिए, बल्कि दूसरे वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा बन जाता है। ऐसी सड़कों पर तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक लेने से बढ़ रहे हादसों ने कई सवाल खड़े किए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में कोयंबटूर में हुई एक दुर्घटना की सुनवाई के दौरान शीर्ष न्यायालय ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि हाइवे पर बिना कोई चेतावनी दिए अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही मानी जाएगी। इसमें कोई दोराय नहीं कि कोई वाहन चालक अगर राजमार्ग पर गाड़ी रोकना चाहता है, तो पीछे आ रही गाड़ियों को संकेत देना चाहिए। शीर्ष अदालत का कहना उचित है कि आपात स्थिति में भी कोई अचानक ब्रेक लगा देता है, तो यह गैर-जिम्मेदाराना है। सामान्य स्थितियों में यह जरूरी होना चाहिए कि तेज रफ्तार वाहन ब्रेक लगाने से पहले चेतावनी संकेत दें। यों यह भी सच है कि राजमार्गों पर तेजी से वाहन दौड़ा रहे चालक आमतौर पर दूसरी गाड़ियों से सुरक्षित दूरी बना कर नहीं चलते। यह एक सबसे खतरनाक स्थिति है। 'हाइवे रोड सेफ्टी रपट 2021' के मुताबिक राजमार्गों पर होने वाले सभी दुर्घटनाओं में 74.4 फीसद हादसे गति सीमा से अधिक वाहन चलाने के कारण होते हैं। स्पष्ट है कि राजमार्गों पर सुरक्षा मानदंडों की अनदेखी हो रही है।

*विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकती है। देखा जाये तो भारत की यह उपलब्धि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को गहराई से प्रभावित कर सकती है। बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि- बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। यह पारंपरिक बंकर बस्टर है और लगभग 7,500 किलोग्राम का वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी भेदन क्षमता 200 फीट तक भूमिगत प्रवेश कर विस्फोट करने की बताई जा रही है। इसकी रेंज लगभग 2,500 किलोमीटर होगी। हम आपको बता दें कि भारत के पास अमेरिका या रूस की तरह महंगे स्टेल्थ बॉम्बर नहीं हैं। इसलिए मौजूदा लड़ाकू विमानों से बंकर बस्टर बम गिराना जोखिमपूर्ण होगा क्योंकि वे दुश्मन के राडार पर आ जाएंगे। परन्तु मिसाइल आधारित प्लेटफॉर्म भारत को सुरक्षित दूरी से गुप्त और सटीक हमले की क्षमता देगा।*

# पाक परमाणु ठिकानों को पल भर में मिट्टी में मिला देगी भारत की हाइपरसोनिक बंकर बस्टर मिसाइल

(नीरज कुमार दुबे )

बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि- बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। हाल ही में अमेरिका ने अपनी अत्याधुनिक बंकर बस्टर बम का उपयोग कर ईरान के भूमिगत परमाणु केंद्रों को निशाना बनाया था। इसने विश्व को यह दिखाया था कि अत्यधिक संरक्षित और गहराई में स्थित ठिकाने भी सुरक्षित नहीं हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की हाइपरसोनिक मिसाइल पर काम करने की खबरें सामरिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। हम आपको बता दें कि यह मिसाइल बंकर बस्टर वारहेड ले जाने में सक्षम होगी और गहरे भूमिगत ठिकानों को नष्ट कर सकेगी। यह खबर सामने आने के बाद से पाकिस्तान की चिंता बढ़ी हुई है क्योंकि उसके कई परमाणु प्रतिष्ठान भूमिगत बंकरों में स्थित हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मिसाइल पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को आसानी से निशाना बना सकती है। देखा जाये तो भारत की यह उपलब्धि दक्षिण एशिया में सामरिक संतुलन को गहराई से प्रभावित कर सकती है।

बताया जा रहा है कि डीआरडीओ की यह नई मिसाइल भारत की अग्नि- बैलिस्टिक मिसाइल का संशोधित संस्करण हो सकती है। इसकी गति की बात करें तो यह हाइपरसोनिक है यानि ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक से दौड़ेगी। यह पारंपरिक बंकर बस्टर है और लगभग 7,500 किलोग्राम का वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी भेदन क्षमता 200 फीट तक भूमिगत प्रवेश कर विस्फोट करने की बताई जा रही है। इसकी रेंज लगभग 2,500 किलोमीटर होगी। हम आपको बता दें कि भारत के पास अमेरिका या रूस की तरह महंगे स्टेल्थ बॉम्बर नहीं हैं। इसलिए मौजूदा लड़ाकू विमानों से बंकर बस्टर बम गिराना जोखिमपूर्ण होगा क्योंकि वे दुश्मन के राडार पर आ जाएंगे। परन्तु मिसाइल आधारित प्लेटफॉर्म भारत को सुरक्षित दूरी से गुप्त और सटीक हमले की क्षमता देगा। हम आपको यह भी बता दें कि भारत की यह मिसाइल क्षमता उसकी सामरिक बढ़त को काफी बढ़ा देगी। साथ ही इससे पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल रणनीति भी ध्वस्त हो जायेगी। इस मिसाइल के जरिये भारत सुरक्षित दूरी से दुश्मन के परमाणु ठिकानों को निशाना बना सकेगा। इस मिसाइल का विकास चीन पर भी एक रणनीतिक दबाव बनाएगा।



जहां तक इस मिसाइल से पाकिस्तान की चिंता की बात है तो आपको बता दें कि पाकिस्तान की सामरिक मामलों की विशेषज्ञ राबिया अख्तर ने 'डॉन' अखबार में लिखा है कि भारत का यह कदम पारंपरिक और परमाणु रणनीति के बीच की रेखा को धुंधला कर सकता है। पाकिस्तान का कहना है कि यदि भारत इस तरह की मिसाइलों का इस्तेमाल उसके परमाणु ठिकानों पर करता है, तो यह किसी भी दृष्टिकोण से परमाणु प्रथम-हमले जैसा लगेगा, भले ही वारहेड पारंपरिक ही क्यों न हो। राबिया अख्तर ने चेतावनी दी है कि किसी भी परमाणु-सशस्त्र देश के लिए यह मायने नहीं रखेगा कि वारहेड पारंपरिक है या परमाणु। यदि कोई हाई-स्पीड बैलिस्टिक मिसाइल उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर दागी जाती है, तो इसे परमाणु हमले की शुरुआत माना जाएगा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अपनी सामरिक या रणनीतिक परमाणु हथियारों का तुरंत इस्तेमाल कर सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने हमेशा यह घोषित नीति अपनाई है कि वह परमाणु हथियारों का पहले उपयोग नहीं करेगा। लेकिन बंकर बस्टर मिसाइलें इस नीति के तहत नहीं आती हैं। क्योंकि एक ओर, ये पारंपरिक हथियार हैं और तकनीकी रूप से वह हस्र यानि न्यूक्लियर फर्स्ट यूज नीति का उल्लंघन नहीं करते। दूसरी ओर, ये सीधे दुश्मन के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बना सकते हैं, जिससे प्रतिक्रिया में परमाणु युद्ध की संभावना बढ़ सकती है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के तहत हाल ही में चलाये गये ऑपरेशन सिंदूर के तहत यह तय कर दिया है कि भविष्य में किसी भी आतंकी हमले को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। भारत की यह नीति आतंकवादियों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के बीच कोई अंतर नहीं करती है। इसलिए पाकिस्तान का डर स्वाभाविक है। हम आपको यह भी बता दें कि भारत और पाकिस्तान हर साल 1 जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान करते हैं। यह समझौता 31 दिसंबर 1988 को हस्ताक्षरित हुआ था, जो यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी देश दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों को नुकसान नहीं पहुँचाए। हालांकि इस तरह की खबरें हाल ही में सामने आई थीं कि भारत और पाकिस्तान के बीच मई महीने में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान की किराना हिल्स पर स्ट्राइक की थी। ऐसा दावा सामने आई सैटेलाइट तस्वीरों ने किया था। यह खुलासा अपने आप में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि किराना हिल्स में ही पाकिस्तान के परमाणु बमों का ठिकाना माना जाता है। हालांकि यह भी माना जा रहा है कि भारत ने पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर हमला उसके परमाणु हथियारों को नष्ट करने के उद्देश्य से नहीं बल्कि उसको चेतावनी देने के लिए किया था और इसके जरिये दुश्मन को साफ और स्पष्ट संदेश दिया था कि उसके परमाणु ठिकाने सुरक्षित नहीं हैं। बहरहाल, भारत की यह मिसाइल क्षमता न केवल उसकी सामरिक मारक क्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि पाकिस्तान की न्यूक्लियर ब्लैकमेल नीति को भी चुनौती देगी। लेकिन इसके साथ ही यह दक्षिण एशिया में अस्थिरता और परमाणु संघर्ष के जोखिम को भी बढ़ा सकती है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# हर वक्त उपलब्ध रहना, धीरे-धीरे हमें खोखला बना देता है

*हर समय फोन उठाना, तुरंत जवाब देना, मीटिंग्स में दिखना, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना - अब इसे ही जिम्मेदारी, प्रोफेशनलिज्म और आधुनिक जीवन की निशानी माना जाता है। लेकिन क्या कभी आपने गौर किया है कि ये 24-7 उपलब्धता हमें भीतर से कितना थका रही है? कभी-कभी दिन के अंत में ऐसा क्यों लगता है कि हम सब कुछ कर रहे हैं, पर कुछ भी नहीं कर पा रहे? क्यों हम लगातार जुड़े रहकर भी खुद से कटे हुए महसूस करते हैं -अपनों से, अपने मन से? असल में यह जरूरत से ज्यादा उपलब्ध होना, धीरे-धीरे एक मानसिक थकान, एक अव्यक्त बोझ बन गया है। हम हर वक्त जवाब देने की चिंता में रहते हैं - चाहे वो ईमेल हो, व्हाट्सएप हो या कॉल।*

(सुंदर चंद ठाकुर)

हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं जहाँ 'उपलब्ध' होना सबसे बड़ा गुण बन गया है। हर समय फोन उठाना, तुरंत जवाब देना, मीटिंग्स में दिखना, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहना - अब इसे ही जिम्मेदारी, प्रोफेशनलिज्म और आधुनिक जीवन की निशानी माना जाता है। लेकिन क्या कभी आपने गौर किया है कि ये 24-7 उपलब्धता हमें भीतर से कितना थका रही है? कभी-कभी दिन के अंत में ऐसा क्यों लगता है कि हम सब कुछ कर रहे हैं, पर कुछ भी नहीं कर पा रहे? क्यों हम लगातार जुड़े रहकर भी खुद से कटे हुए महसूस करते हैं -अपनों से, अपने मन से? असल में यह जरूरत से ज्यादा उपलब्ध होना, धीरे-धीरे एक मानसिक थकान, एक अव्यक्त बोझ बन गया है। हम हर वक्त जवाब देने की चिंता में रहते हैं - चाहे वो ईमेल हो, व्हाट्सएप हो या कॉल।

हमारा मन कभी शांत नहीं हो पाता, क्योंकि वो हर मिनट किसी बाहरी आवाज की प्रतीक्षा में बैठा है। और इस सबके बीच- हमारी आत्मा, हमारे विचार, हमारी सच्ची ऊर्जा - खोती जा रही है। पहले समय में लोग अनुपलब्ध होते थे और उस अनुपलब्धता में ही उनकी रचनात्मकता, उनकी गहराई, उनका चिंतन पलता था।

महान कलाकार, कवि, लेखक, संत - सब एकांत से निकले। पर आज हम उस मौन से भागते हैं। क्योंकि मौन अब बोरियत लगता है। हमारा मन उस शांति को सहन ही नहीं कर पाता जिसमें आत्मा की सच्ची आवाज सुनाई देती है।

हर समय उपलब्ध होने की इस आदत ने एक और नुकसान किया है। उसने हमारे संबंधों में गहराई कम कर दी है। हर कॉल, हर संदेश का तुरंत जवाब देने की मजबूरी ने प्रतीक्षा की सुंदरता छीन ली है। हमने अपने रिश्तों में भी एक सतही हड़बड़ी ला दी है। सोचिए - अगर आपका मन हर पांच मिनट में किसी संदेश की प्रतीक्षा कर रहा है, तो वह कभी एकाग्र कैसे हो पाएगा? हमने अपने अंदर एक ऐसा अलर्ट सिस्टम बसा लिया है जो लगातार सोचता है।

कहीं किसी ने कुछ भेजा तो नहीं?
कहीं मैं लेट तो नहीं रिप्लाई कर रहा?
कहीं मुझे नज़रअंदाज तो नहीं किया गया?




यह बेचैनी अब उत्पादकता के रूप में छुपी हुई है। हमें यह समझना होगा कि हर समय उपलब्ध रहना कोई सद्गुण नहीं है। बल्कि कभी-कभी अनुपलब्ध होना भी आत्म-संरक्षण है। जब आप सब कुछ और सबको एक्सेस देते हैं, तो धीरे-धीरे आप खुद अपने आप से एक्सेस खो देते हैं। कुछ पल ऐसे होने चाहिए दिन में जब फोन साइलेंट हो। जब आपकी आवाज सिर्फ आपके मन को सुनाई दे। जब आप किसी चैट में नहीं, किसी सच्चे संबंध में हों - अपने भीतर के। यह कोई आलस्य नहीं है। यह आत्म-संवर्धन है। यह अपने अस्तित्व को फिर से जीवित करने का तरीका है। समय आ गया है कि हम ये तय करें कि हम कब, किसके लिए, कितनी देर के लिए उपलब्ध होंगे। क्योंकि अगर आप हर किसी के लिए हर समय उपलब्ध रहेंगे, तो एक दिन आपके पास खुद के लिए कुछ भी नहीं बचेगा। शांति उसी अनुपलब्धता से पैदा होती है,जहां मन थोड़ी देर खुद से संवाद कर पाता है।

इसलिए
कभी-कभी फोन को नीचे रखिए,
खिड़की के पास बैठिए,
कोई जवाब मत दीजिए
बल्कि अपने भीतर के प्रश्नों को सुनिए।

यकीन मानिए - जो लोग सबसे गहराई से जुड़े होते हैं,वो हर समय उपलब्ध नहीं होते। वो केवल सही समय पर सच्चे रूप में उपस्थित होते हैं। और यही सबसे बड़ी उपलब्धि है आज की भागती दुनिया में। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5812

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | | ■ | 10 | | |
| 11 | | 12 | | 13 | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | ■ | 17 | 18 | | ■ | | ■ |
| 19 | | | | ■ | 20 | | |
| | ■ | | ■ | 21 | | | ■ |

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1967 को यह देश ब्रिटेन से आजाद हुआ (3)
3. दयालु, कृपालु, ईश्वर का एक नाम (4)
6. कोई बात धीरे से कान के पास आकर कहना, फुसफुसाहट (4)
8. विभावरी, रजनी, निशा, रात्रि (2)
10. नासमझ, भोला (3)
11. आर.के.बैनर की बरसात फिल्म से अपना सरगमी सफर शुरू करने वाली जोड़ी में से एक (5)
14. शरारती, अति चंचल, उपद्रवी (4)
17. लालू यादव वाली पार्टी का संक्षिप्त नाम (3)
19. मवेशी, पशु, शम्मी कपूर राजश्री, राजेंद्र नाथ, पृथ्वीराज कपूर आदि की भूमिकाओं वाली सफल फिल्म (1965)(4)
20. अंक, क्रोड, गोद, बगल (3)
21. घोड़े पर खेला जाने वाला गेंद बल्ले का खेल, पोलो (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**
1. राजकुमार, राजपुत्र, राजकुंवर (4)
2. लुटेरों द्वारा किया गया धावा कर माल, असबाब की लूट (2)
3. किसी जले या फटे हुए कपड़ों को धागा भरकर उसे बंद करना (2)
4. सुंदर स्त्री, रूपवती, सुंदरी (3)
5. दृगचल, पलक (5)
7. अभियोग, मुकदमा (3)
9. निश्चित किया हुआ, निर्णीत (2)
12. अल्प वयस्क होने की अवस्था (5)
13. जो रिश्ते में पति की बहन हो (3)
15. यह मध्यप्रदेश के अंचल पश्चिमी निमाड़ का एक जिला है (4)
16. नमाज की सूचना के शब्द जो पुकारे जाते है (3)
18. धन-संपत्ति, स्वर्ण, दौलत, वृद्धावस्था, संपत्ति (2)
20. पुरानी फिल्मों के एक प्रसिद्ध हास्य अभिनेता (निधन 30 अप्रैल 1992) इनका बेटा भी प्रसिद्ध निर्देशक-अभिनेता (दिवंगत) रह चुका है (2)

### वर्ग पहेली 5811 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ट | ल | बि | हा | री | ■ | म |
| दा | ■ | ता | ज | ■ | त | ला | क |
| ल | घु | ■ | ली | ल | ना | ■ | स |
| त | ■ | मा | ■ | ■ | ■ | प | द |
| ■ | स | ■ | र | ह | म | त | ■ |
| सो | पा | न | ■ | स | ज | न | ■ |
| म | ■ | ज | ■ | र | मा | ■ | स्पे |
| ■ | न | फ | र | त | ■ | शा | न |

# तंत्र की लापरवाही मासूमों पर पड़ी भारी

(राजेश कुमार चौहान)

हमारे देश की सरकारों को लोगों की जान की जरा भी परवाह नहीं है। यहां तक कि मासूमों की जान को भी दांव पर लगा दिया जाता है। समय-समय पर शासकों और प्रशासन की लापरवाही से होने वाले हादसे सुर्खियां बटोरते रहते हैं। राजस्थान के झालावाड़ में ऐसा ही एक हादसा हुआ, जिसमें प्रशासनिक लापरवाही सात मासूम बच्चों की जिंदगी पर भारी पड़ गई। यहां एक सरकारी स्कूल की इमारत की छत का हिस्सा इस तरह ढह गया कि उसमें बच्चों की दबकर मौत हो गई। यह सरकार और प्रशासन के लिए बहुत शर्मनाक है। अगर समय रहते इस इमारत की जांच की गई होती या इसकी तरफ गंभीरता बरती गई होती, तो समय रहते भवन को सुधार लिया जाता और सात मासूमों की जान नहीं जाती। मगर यह दुखद है कि महंगी इमारतों में बैठकर एसी की हवा खाने वाले सत्ताधारियों और सरकारी विभाग के बाबुओं को आम आदमी के दुखों की कोई परवाह नहीं। स्कूल हादसे के बाद जांच का आदेश देकर और परिजनों के लिए मुआवजे का एलान करके लोगों की पीड़ा पर मरहम लगाने का प्रयास किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि शासन-प्रशासन में बैठे लोग अगले किसी ऐसे ही हादसे के इंतजार में लंबी तानकर सो जाएंगे, जबकि होना यह चाहिए कि इस हादसे की उचित और निष्पक्ष जांच हो और जो भी दोषी पाए जाते हैं, उनको सख्त सजा दी जाए।

देश के सभी राज्यों को झालावाड़ हादसे से सबक लेना चाहिए और अपने-अपने स्कूलों की जांच करवानी चाहिए। हमारे देश में बहुत से राज्य ऐसे भी हैं, जहां अब भी पुरानी जर्जर इमारतें हैं, जिनसे जान-माल के नुकसान का खतरा बना हुआ है। सरकार के प्रशासन के घड़ियाली आंसुओं से हमें बचना चाहिए।

## हमें अपने तंत्र को दुरुस्त करना ही होगा

(अरविंद रावल)

देश के किसी भी राज्य में देख लीजिए, सरकारी स्कूलों के भवन की लागत निजी भवनों की तुलना में अधिक ही होती है, किंतु जब स्कूल बनकर तैयार होते हैं, तब निजी इमारतों की तुलना में उसकी गुणवत्ता कमजोर साबित होती है! क्या कारण है कि भवन-निर्माण के नाम पर लाखों रुपये की राशि जारी होने के बाद भी घटिया स्कूल भवन खड़े कर दिए जाते हैं? जाहिर है, तंत्र में ऊपर से लेकर नीचे तक फैले भ्रष्टाचार की भेंट स्कूल चढ़ रहे हैं। विडंबना यह भी है कि जब कभी ऐसे हादसे होते हैं, तो सीधे स्कूल प्रबंधन को दोषी मान लिया जाता है, जबकि असली कुसूरवार इससे जुड़ी संबंधित एजेंसियों को मानना चाहिए। आखिर उन्होंने गुणवत्तापूर्ण निर्माण-कार्य क्यों नहीं सुनिश्चित किया? हमें अपने तंत्र को दुरुस्त करना ही होगा।

# आज का राशिफल

**मेष**
आज मिले जुले परिणामों वाला रहेगा। अगर कार्यक्षेत्र में लंबे समय से आपके जरूरी कार्य बीच में अटके थे, तो अब वे पूरे हो सकते हैं या गति पकड़ सकते हैं। आप कुछ अच्छे कार्य कर सकते हैं और शुभ स्थानों पर व्यय कर सकते हैं। इससे आपकी प्रसिद्धि में भी वृद्धि होगी। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

**वृष**
आज समाज में आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इसी के चलते आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा और किसी उच्च अधिकारी की मदद से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, इससे धन लाभ के भी शुभ योग बनेंगे। व्यापार में आपको लाभ कमाने के नए अवसरों को पहचानना होगा।

**मिथुन**
आज आपके विरोधियों की संख्या बढ सकती है और वे कोई रणनीति भी बना सकते हैं। ऐसे में आपको सावधान रहना होगा और सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर होगा। किसी बात को लेकर आप अकारण परेशान भी रह सकते हैं। व्यवसाय में भी सावधानी बरतनी होगी और जोखिम भरे कार्यों व निर्णयों से दूरी बनाकर रखें।

**कर्क**
आज कार्यक्षेत्र में लंबे समय से किसी बात या काम को लेकर तनाव चल रहा था, तो वह आज कम हो सकता है। इसी के चलते आपको पूरे दिन सुख-शांति का अनुभव होगा। राशि का स्वामी चन्द्रमा के पंचम भाव में होने से आपके पराक्रम में वृद्धि हो सकती है और कोर्ट में कोई मामला चल रहा है तो उसमें भी सफलता मिलेगी।

**सिंह**
आज दिन भाग्यशाली रहने वाला है, जिससे जरूरी कार्यों में सफलता प्राप्त हो सकती है और कार्यक्षेत्र में भी कामकाज अच्छा चलेगा। चन्द्रमा चतुर्थ भाव में होने से आपको अचानक कहीं से बड़ी मात्रा में धन लाभ हो सकता है। इससे जोड़े गए पैसों में भी वृद्धि होगी। शाम के समय कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है।

**कन्या**
आज कारोबार में अगर कोई काम खराब चल रहा है, तो आपको उसे सुधारने पर ध्यान देना होगा। व्यापार में आपको अपनी अपेक्षा के अनुसार धम लाभ हो सकता है। इससे मनोबल में वृद्धि होगी। नौकरी करने वालों के लिए भी समय अनुकूल रहेगा और घर में पत्नी या संतान पक्ष की ओर से कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है।

**तुला**
आज आपको राजनीतिक क्षेत्रों में कार्य करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सकता है। साथ ही, सांसारिक सुख और साधनों में वृद्धि होगी। परिवार में भी सुख-शांति और समृद्धि आने के शुभ योग बन रहे हैं। शाम के समय आपकी मुलाकात किसी खास और महान व्यक्ति से हो सकती है। इससे रुके हुए जरूरी कार्य दोबारा गति पकड़ सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज कामकाज के सिलसिले में ज्यादा व्यस्त रह सकते हैं। इसी के चलते थोड़ा तनाव भी बना रहेगा। व्यापार के मामले में आपको धैर्य और संयम के साथ निर्णय लेने होंगे, अन्यथा नुकसान हो सकता है। किसी भी करीबी या प्रियजन व्यक्ति के साथ विवाद में उलझने से बचें। वरना रिश्तों में खटास आ सकती है।

**धनु**
आज आपको सावधान रहना होगा। अनावश्यक चीजों पर धन ज्यादा खर्च हो सकता है। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लें। कामकाज के सिलसिले में दूर या पास की किसी यात्रा का प्लान बन सकता है। परिवार में जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। हालांकि, शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार सुनने को मिल सकते हैं, जिससे मन को संतोष मिलेगा।

**मकर**
आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। साथ ही, संपत्ति और जमीन से जुड़े कार्यों में आपको अपनी कल्पना से भी ज्यादा लाभ प्राप्त हो सकता है। किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों की मदद से बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कुंभ**
आज समय अनुकूल रहेगा। आपके लिए आय के नए स्रोत खुल सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। अगर कार्यस्थल लंबे समय से विरोधियों के चलते तनाव बना हुआ था, तो अब आपकी जीत हो सकती है। किसी नए व्यक्ति से मुलाकात और दोस्ती हो सकती है। व्यापार के मामले में समय का लाभ उठाना लाभकारी होगा।

**मीन**
आज अगर लंबे समय से आपका धन कहीं अटका हुआ था तो वह अब वापस मिल सकता है। इससे जीवन में खुशियां आएंगी। साथ ही, आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति भी हो सकती है। किसी अनुभवी व्यक्ति सलाह और अपनी बुद्धिमानी से आप कठिन से कठिन समस्याओं का भी समाधान कर पाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सरकारी आवास किया खाली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित न्यायपालिका के प्रमुख का आधिकारिक आवास खाली कर दिया है। भारत के 50वें प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ 8 नवंबर, 2024 को रिटायर्ड हो गए थे। हाल में नई दिल्ली के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास पर उनके निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने को लेकर विवाद हो गया था। जस्टिस चंद्रचूड़ ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा था कि सामान बांध लिया गया है और वह अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जल्द ही किराए पर सरकारी आवास में चले जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़, उनकी पत्नी कल्पना और बेटियां प्रियंका व माही कृष्ण मेनन मार्ग, नई दिल्ली स्थित सीजेआई के आधिकारिक आवास में रह रहे थे। प्रियंका और माही दोनों दिव्यांग हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने बंगले में निर्धारित समय से अधिक वक्त तक रहने के कारणों को विस्तार से बताते हुए कहा था, हमने वास्तव में अपना सामान बांध लिया है। हमारा सामान पहले ही पूरी तरह बांधा जा चुका है। कुछ सामान पहले ही नए घर में भेज दिया गया है और कुछ यहां भंडार कक्ष में रखा हुआ है। वह सुप्रीम कोर्ट प्रशासन की ओर से केंद्र सरकार को भेजे गए पत्र का जवाब दे रहे थे। पूर्व सीजेआई ने विवाद पर दुख जताया था और अपनी बेटियों की मेडिकल स्थिति का हवाला दिया था, जिन्हें व्हीलचेयर अनुकूल घर की आवश्यकता थी। घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा था कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना से बात की थी, जो उनके उत्तराधिकारी बने थे। चंद्रचूड़ ने उन्हें बताया था कि उन्हें 14 तुगलक रोड स्थित बंगले में लौटना है, जहां वह प्रधान न्यायाधीश बनने से पहले रहते थे। न्यायमूर्ति खन्ना ने जस्टिस चंद्रचूड़ को प्रधान न्यायाधीश के बंगले में ही रहने को कहा था, क्योंकि न्यायमूर्ति खन्ना आधिकारिक आवास में नहीं रहना चाहते थे।

### कौन बनेगा देश का अगला उपराष्ट्रपति? शशि थरूर ने दिया जवाब, बोले- विपक्ष की हार निश्चित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अगले उपराष्ट्रपति का चुनाव 9 सितंबर 2025 को होगा। यह घोषणा निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को की गई। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि निर्वाचन मंडल का गठन पूरा हो चुका है। इस बीच कांग्रेस सांसद और वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष की हार को पहले ही तय मानते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के द्वारा जिसे उम्मीदवार बनाया जाएगा वही उपराष्ट्रपति बनेगा। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में थरूर ने कहा, कोई अंदाजा नहीं है कि अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा। लेकिन ये तय है कि जो भी होगा वो सत्तारूढ़ पार्टी का नामित व्यक्ति होगा। चूंकि यह चुनाव केवल लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मिलकर करते हैं, इसलिए हम पहले से ही जानते हैं कि बहुमत किसके पास है। थरूर ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति चुनाव की तुलना में उपराष्ट्रपति चुनाव में राज्य विधानसभाएं हिस्सा नहीं लेतीं, इसलिए परिणाम लगभग तय है। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अगस्त 2022 में पदभार संभाला था। उन्होंने21 जुलाई 2025 को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे का कारण स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां बताया गया है। उनका कार्यकाल आधिकारिक रूप से अगस्त 2027 तक होना था, लेकिन उन्होंने करीब दो साल पहले ही पद छोड़ दिया। उपराष्ट्रपति का चुनाव संविधान के अनुच्छेद 66 के तहत होता है। लोकसभा और राज्यसभा के सांसद इस चुनाव में वोट करते हैं। मतदान गुप्त बैलेट प्रणाली के जरिए होता है। इसका संचालन निर्वाचन आयोग करता है। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही मतदाता सूची की अंतिम प्रति सार्वजनिक की जाएगी, जिसे आयोग के कार्यालय से खरीदा जा सकेगा। 2024 के लोकसभा चुनावों में एनडीए को बहुमत मिला था और राज्यसभा में भी उसका वर्चस्व है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि एनडीए का उम्मीदवार आसानी से उपराष्ट्रपति चुना जाएगा। हालांकि अभी तक किसी भी दल ने आधिकारिक रूप से अपने उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है, लेकिन भाजपा सूत्रों के अनुसार नामों पर मंथन जारी है।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू, लेकिन पहले से ज्यादा पैदल चल कर पहुंचना होगा धाम

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है। पंवार ने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए स्थल पर वाहनों के आवागमन शुरू होने तक श्रद्धालुओं को तकरीबन 22 किलोमीटर पैदल चलकर केदारनाथ धाम की यात्रा करनी होगी। बारिश होने की स्थिति में यहां पर आवागमन को अस्थायी तौर पर रोका जाएगा। इसके साथ ही प्रशासन की ओर से यात्रियों से अपील की गई है कि मौसम पूर्वानुमान के अनुसार ही अपना यात्रा करें।

# पहलगाम हमले के बाद देश से निकाली गई पाकिस्तानी महिला, अब मिलेगा आगंतुक वीजा



**जम्मू, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाई कोर्ट को सूचित किया कि उसने पाकिस्तानी नागरिक रक्षंदा राशिद को आगंतुक वीजा देने का फैसला किया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया था। फैसले के अनुसार, रक्षंदा राशिद को जम्मू से निष्कासित कर दिया गया था, जिसके बाद अदालत ने महिला की ओर से भारत लौटने की इजाजत मांगने वाली याचिका खारिज कर दी थी। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि गृह मंत्रालय का यह आदेश किसी प्रकार की मिसाल के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

रक्षंदा राशिद ने 35 साल पहले जम्मू में भारतीय नागरिक शेख जहूर अहमद से विवाह किया था। उन्हें उन पाकिस्तानी नागरिकों की सूची में शामिल कर देश से निकाला गया, जिन्हें सरकार ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद वापस भेजने का फैसला किया था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने गृह मंत्रालय की ओर से अदालत को बताया कि इस मामले की विशिष्ट परिस्थितियों को देखते हुए मंत्रालय ने विचार-विमर्श के बाद उन्हें आगंतुक वीजा देने का निर्णय लिया है।

**कोर्ट ने अपने फैसले में क्या कहा :** मुख्य न्यायाधीश अरुण पाली और न्यायमूर्ति रजनीश ओसवाल की खंडपीठ ने इस वक्तव्य को आदेश में दर्ज किया। न्यायालय ने यह भी कहा कि रक्षंदा राशिद भारतीय नागरिकता और दीर्घकालिक वीजा के लिए दायर अपनी दोनों याचिकाओं को आगे बढ़ा सकती हैं। कोर्ट ने सॉलिसिटर जनरल की दलीलों को दर्ज करते हुए कहा, एक बार सक्षम प्राधिकरण की ओर से सैद्धांतिक निर्णय ले लिया गया है। औपचारिकताओं की पूर्ति के बाद उन्हें शीघ्र ही आगंतुक वीजा जारी कर दिया जाएगा। न्यायालय ने निर्वासन से राहत मांगने वाली राशिद की याचिका को खारिज कर दिया था। इसने कहा कि विवादित अंतरिम आदेश अपनी प्रासंगिकता खो देता है और इसके साथ ही अंतरिम आदेश भी स्वतः अमान्य हो गया। तुषार मेहता ने 22 जुलाई को अदालत से अनुरोध किया था कि वे सुनवाई को स्थगित करें ताकि यह देखा जा सके कि रक्षंदा राशिद की कोई मदद की जा सकती है या नहीं। रक्षंदा के वकील अंकुर शर्मा और हिमानी खजुरिया ने अदालत को बताया कि उनकी मुवक्किल इस प्रक्रिया से सहमत हैं।

**केंद्र सरकार को दिया निर्देश :** न्यायमूर्ति राहुल भारती की एकल पीठ ने 6 जून को केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि राशिद को भारत वापस लाया जाए। आदेश पारित करते हुए जस्टिस भारती ने कहा, यह अदालत इस पृष्ठभूमि संदर्भ को ध्यान में रख रही है कि याचिकाकर्ता के पास प्रासंगिक समय पर दीर्घकालिक वीजा था, जो उसके निर्वासन को उचित नहीं ठहरा सकती थी लेकिन उसके मामले की बेहतर परिप्रेक्ष्य में जांच किए बिना और संबंधित अधिकारियों से उसके निर्वासन के संबंध में उचित आदेश लिए बिना, उसे निर्वासन के लिए मजबूर किया गया। उन्हें 28 अप्रैल को आप्रवासन और विदेशी नागरिक अधिनियम, 1946 के तहत भारत छोड़ने का नोटिस जारी किया गया था जिसमें 29 अप्रैल तक देश छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

रक्षंदा राशिद ने उच्च न्यायालय का रुख कर इस आदेश पर अंतरिम रोक की मांग की थी, लेकिन इसके बाद उन्हें एग्जिट परमिट जारी कर अमृतसर के अटारी-वाघा सीमा तक पहुंचाया गया जहां से उन्होंने पाकिस्तान में प्रवेश किया। जम्मू के तालाब खटिकन इलाके की निवासी राशिद के चार बच्चे अब भी जम्मू-कश्मीर में रह रहे हैं। इस्लामाबाद के नामुद्दीन रोड निवासी मोहम्मद राशिद की पुत्री रक्षंदा 10 फरवरी, 1990 को 14 दिवसीय आगंतुक वीजा पर जम्मू आई थीं। बाद में उन्हें प्रतिवर्ष नवीनीकृत किए जाने वाले दीर्घकालिक वीजा पर भारत में रहने की अनुमति दी गई थी। अपने प्रवास के दौरान उसने बताया किया कि उसने एक भारतीय नागरिक से विवाह किया है।

## धमकाने वाले आरोप पर जेटली के बेटे का राहुल गांधी को जवाब, कहा- पिता का पहले ही हो गया था निधन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के इस दावे पर कि दिवंगत पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था, डीडीसीए प्रमुख रोहन जेटली ने शनिवार को कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनके पिता का निधन इन कानूनों के लागू होने से पहले ही हो गया था। उन्होंने कहा, मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का निधन 2019 में हो गया था। कृषि कानून 2020 में लागू हुए थे। एक्स पर एक पोस्ट में, रोहन जेटली ने लिखा, राहुल गांधी अब दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का निधन 2019 में हो गया था। कृषि कानून 2020 में लागू हुए थे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मेरे पिता के स्वभाव में किसी को भी विरोधी विचार के लिए धमकाना नहीं था। वह एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे और हमेशा आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे।

उन्होंने आगे लिखा, अगर ऐसी कोई स्थिति आती, जैसा कि राजनीति में अक्सर होता है, तो वह सभी के लिए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए स्वतंत्र और खुली चर्चा का आह्वान करते। वह ऐसे ही थे और आज भी उनकी यही विरासत है। मैं राहुल गांधी से कहता हूं वे उन लोगों के बारे में बोलते समय सचेत रहें जो हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने मनोहर पर्रिकर जी के साथ भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की, उनके अंतिम दिनों का राजनीतिकरण किया, जो भी उतना ही घटिया था। दिवंगत आत्मा को शांति मिले। इससे पहले दिन में, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि एनडीए सरकार ने दिवंगत केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली को नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पहले लाए गए।

## आंध्र प्रदेश में किसानों के खाते में आए 7-7 हजार रुपये, राज्य सरकार ने भी 47 लाख लोगों को दिया तोहफा

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश सरकार ने शनिवार को 'अन्नदाता सुखीभव' योजना के तहत 47 लाख किसानों को 7-7 हजार रुपये की राशि वितरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक किसान को प्रति वर्ष 20,000 रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है। सरकार द्वारा साझा किए गए एक वीडियो लिंक के अनुसार, 3,174 करोड़ रुपये की राज्यव्यापी पहल का शुभारंभ करते हुए, मुख्यमंत्री ने प्रतीकात्मक रूप से दो किसानों को चेक प्रदान किए और दारसी निर्वाचन क्षेत्र के लिए 29 करोड़ रुपये का चेक भी प्रदान किया। नायडू ने प्रकाशम जिले के दारसी मंडल के पूर्वी वीरयापलेम गांव में धनराशि की पहली किश्त वितरित की।शनिवार को लाखों किसानों को दिए गए 7,000 रुपये में से 5,000 रुपये प्रदेश से, जबकि शेष 2,000 रुपये केंद्र सरकार द्वारा पीएम-किसान योजना के तहत दिए गए। पीएम-किसान के तहत केंद्र के 6,000 रुपये और राज्य के 14,000 रुपये के योगदान को मिलाकर, दक्षिणी राज्य का लक्ष्य 'अन्नदाता सुखीभव' - 'पीएम किसान' योजना के तहत पात्र किसानों को तीन किस्तों में प्रति वर्ष 20,000 रुपये वितरित करना है। राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पहली किस्त के लिए 2,343 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

# मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के 750 एकड़ क्षेत्र में विकसित होगा मातृ वन

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में अब 750 एकड़ भूमि पर मातृ वन विकसित किया जाएगा। यह मातृ वन अरावली के जंगल के साथ लगती गांव घाटा और वजीराबाद की जमीन में विकसित होगा। केंद्रीय आवासन एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और पर्यावरण, वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को सेक्टर-54 में मातृ वन का शिलान्यास किया। इसका उद्देश्य बड़ी संख्या में पेड़-पौधे लगाकर मिलेनियम सिटी की हवा को स्वच्छ बनाना है। साल के 200 दिनों तक प्रदूषित हवा में सांस लेने वाले मिलेनियम सिटी के लोगों के लिए वन विभाग की तरफ से मातृ वन विकसित करने की योजना बनाई गई है। वन विभाग द्वारा 750 एकड़ में बनने वाले इस मातृ वन में स्थानीय प्रजाति के पौधों जैसे बड़, पीपल, नीम, गुल्लर आदि के रोपण को प्राथमिकता दी जाएगी। इससे आने वाले 10 वर्षों में सार्थक परिणाम देखने को मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम का आयोजन हरियाणा के वन मंत्री राव नरबीर सिंह के नेतृत्व में किया गया।

**कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क होंगे विकसित :** मातृ वन के लिए चिन्हित जमीन पर फिलहाल बड़ी संख्या में काबुल कीकर लगी हुई है। अब वहां पर बरगद, पीपल, गुल्लर, बेस पत्र, ईमली, पिलखन, नीम, बांस, फूल, औषधीय पौधे आदि लगाए जाएंगे। साथ ही मातृ वन में नक्षत्र वाटिका, राशि वाटिका, कैक्टस गार्डन और बटरफ्लाई पार्क भी विकसित होंगे।

**दिल्ली की हवा भी होगी स्वच्छ :** कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुनियाभर में गुरुग्राम का नाम प्रगति के लिए लिया जाता है लेकिन अब प्रगति के साथ प्रकृति से भी जुड़ाव होना चाहिए। हम न केवल पेड़ लगाएंगे बल्कि उनकी पांच-छह वर्षों तक देखभाल भी करेंगे। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति प्रतिदिन एक किलोग्राम कार्बन छोड़ता है, जबकि एक पेड़ प्रतिदिन 60 से 90 ग्राम कार्बन ग्रहण करता है। ऐसे में जीवन के लिए प्रति व्यक्ति को 15 से 16 पेड़ों की आवश्यकता होती है। यह वन ने केवल गुरुग्राम बल्कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक के वातावरण को स्वच्छ करेगा।



**कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव :** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि हरियाणा वन विभाग से कोयंबटूर की तर्ज पर तितली पार्क विकसित करने का सुझाव दिया है। इसमें औषधीय पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही।

**हरित ऊर्जा को मिल रहा प्रोत्साहन :** मनोहर लाल खट्टर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण के लिए ऊर्जा क्षेत्र में भी नवाचारों का बढ़ावा दिया जा रहा है। कोयले के स्थान पर हाइड्रो, सोलर, न्यूक्लियर एनर्जी आदि विकल्पों को बढ़ावा दिया जा रहा। तीन महीने पहले की एक रिपोर्ट में भारत में कोयले से तैयार होनी वाली बिजली 50 फीसदी से कम हो गई है।

# जमानत मिलने के बाद केरल की दो नन छत्तीसगढ़ की दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा

**बिलासपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले की एक विशेष अदालत से जमानत मिलने के बाद शनिवार को केरल की दो ननों को दुर्ग केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। जेल के बाहर से प्राप्त तस्वीरों में देखा जा सकता है किवाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के सांसदों, भारतीय जनता पार्टी की केरल इकाई के अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर समेत केरल के कई नेताओं ने कैथोलिक नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस का स्वागत किया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए)- अदालत) सिराजुद्दीन कुरैशी की विशेष अदालत ने मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के आरोप में गिरफ्तार दोनों ननों और एक अन्य व्यक्ति को शनिवार को इस शर्त पर जमानत दे दी कि वे अपने पासपोर्ट जमा कर दें तथा देश छोड़कर न जाएं। बचाव पक्ष के वकील अमृतो दास ने बताया कि अन्य शर्तों में 50 हजार रुपये का मुचलका जमा करना, देश नहीं छोड़ना और अपना पासपोर्ट जमा करना शामिल है। वकील दास ने कहा कि उन्हें जांच में भी सहयोग करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि कुछ और शर्तें भी हैं, लेकिन अंतिम आदेश अभी प्राप्त नहीं हुआ है। रेलवे पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बजरंग दल के स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर 25 जुलाई को शासकीय रेल पुलिस ने नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस के साथ सुकमन मंडावी नामक एक व्यक्ति को दुर्ग रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। इस बीच, मामले की कथित पीड़ित तीन युवतियां नारायणपुर जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की। बजरंग दल के इन कार्यकर्ताओं पर कथित तौर पर युवतियों पर हमला करने और उन्हें दुर्ग राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सामने ननों के खिलाफ झूठे बयान देने के लिए मजबूर करने का आरोप है। धर्म परिवर्तन के आरोप में दो कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में दो कैथोलिक ननों की गिरफ्तारी, भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उत्पीड़न की ताज़ा घटना है। इसने समुदाय, विशेष रूप से ननों के गृह राज्य केरल में, कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। ननों को पिछले हफ्ते दुर्ग रेलवे स्टेशन पर गिरफ्तार किया गया था, जब वे तीन आदिवासी लड़कियों के साथ आगरा के एक कॉन्वेंट जा रही थीं। उन्हें बजरंग दल के एक सदस्य की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया था। रिपोर्टों के अनुसार, ननों, लड़कियों और उनके साथ आई एक लड़की के भाई को धमकाया गया और उनके साथ मारपीट की गई। कथित तौर पर रेलवे कर्मियों ने बजरंग दल को स्टेशन पर ननों की मौजूदगी की सूचना दी थी।

# सवाई मानसिंह अस्पताल अस्पताल के डॉक्टर्स ने 6 घंटे में जोड़ा कटा हाथ

**जयपुर, एजेंसी।** डॉक्टर साहब, कुछ कीजिए... मेरे बेटे का हाथ कट गया है... अलवर से जयपुर पहुंचे एक मां की ये चीख, शायद किसी भी डॉक्टर का दिल पिघला सकती थी। लेकिन एसएमएस अस्पताल के डॉक्टर सिर्फ भावुक नहीं हुए, उन्होंने वो कर दिखाया जिसे चमत्कार कहने में भी कोई हिचक नहीं। जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में कुछ दिन पहले एक ऐसी सर्जरी हुई, जिसने ना सिर्फ एक मासूम का भविष्य बचा लिया, बल्कि मेडिकल साइंस में भरोसा और गहरा कर दिया। अलवर के रहने वाले छह साल के जसप्रीत सिंह का हाथ घास काटने की मशीन में आकर पूरी तरह कट गया था। हथेली अलग होकर जमीन पर गिर चुकी थी। चीख-पुकार मची, खेत में मौजूद हर इंसान की आंखें फटी की फटी रह गईं। परिजनों ने बिना वक्त गंवाए जसप्रीत को पास के एक प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया। वहां से उसे तत्काल जयपुर रेफर कर दिया गया। रात के करीब 9 बजे जब बच्चे को स्त्स ट्रॉमा सेंटर लाया गया, तब वहां मौजूद डॉक्टरों की टीम ने हालात की गंभीरता को पहचानते हुए देर नहीं की। 'ऑपरेशन अभी और यहीं!' यही फैसला हुआ। डॉ. प्रदीप गुप्ता की अगुवाई में डॉक्टरों की एक बड़ी टीम जिसमें डॉ. आकांक्षा वशिष्ठ, डॉ. हर्षा रेड्डी, साक्षी कश्यप,




समृद्धि गुप्ता, दिलप्रीत कौर, शुभम रानी, अनामिका, रूपल और एनेस्थीसिया विभाग से डॉ. वंदना मंगल शामिल थीं ने रातभर ऑपरेशन थिएटर में मोर्चा संभाला। ये कोई आम सर्जरी नहीं थी। यह वक्त और संयम की दौड़ थी। एक-एक नस को जोड़ना, मांसपेशियों को दुरुस्त करना, खून का बहाव सामान्य करना ये सब कुछ उस नन्हे हाथ को फिर से जिंदा करने के लिए ज़रूरी था। और आखिरकार, छह घंटे की मेहनत के बाद वो असंभव संभव हो गया। जसप्रीत की कटी हथेली को फिर से जोड़ दिया गया। डॉ. आकांक्षा ने बताया कि ऑपरेशन के बाद 12 दिन तक लगातार निगरानी में रखने के बाद यह देखा गया कि अंग में खून का प्रवाह सामान्य है, रंग भी ठीक है और कोई संक्रमण नहीं फैला। यह एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है।

# राजस्थानः जोधपुर में युवक की चार शादियां करवाई, एक भी दुल्हन नहीं भेजी- पड़ोसियों ने रचाया शादी स्कैम

**जोधपुर , एजेंसी।** जोधपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर किसी की भी हँसी छूट सकती है, लेकिन पीड़ित की हालत ऐसी है कि अब वह शादी का नाम सुनकर ही काँप जाता है। कहानी शुरू होती है विजेंद्र भारती से–लंबे समय से कुंवारा चल रहा युवक, जो अब तक अपने अकेलेपन से निपट नहीं पाया था। लेकिन फिर एक दिन अचानक उसके पड़ोसी 'फ़रिश्ता' बनकर आए और बोले - तेरी शादी हम करवाएंगे, बस थोड़ा भरोसा और थोड़ा पैसा दे।

विजेंद्र को क्या पता था कि ये 'भरोसा' उसका सबसे बड़ा नुकसान बन जाएगा और ये पड़ोसी फ़रिश्ते नहीं, स्कैम के 'प्लानर' हैं। फिर क्या था– पहली शादी हुई, मंडप सजा, बैंड बाजा बजे, बारात चढ़ी और जैसे ही दुल्हन बस से उतरी, वो बस में ही दोबारा चढ़कर रफूचक्कर हो गई। विजेंद्र को लगा कि चलो, एक बार की बात है, गलती हो गई होगी। पड़ोसियों ने भी झट दिलासा दिया - कोई बात नहीं भाई, अगली बार पक्की लड़की लाएंगे। दूसरी शादी की तैयारी हुई, बारात चली, लेकिन इस बार दुल्हन ने ट्रेन में बैठते ही 'फुल स्पीड' पकड़ ली और पटरियों पर लुट गया बेचारा दूल्हा। तीसरी बार फिर मंडप सजा। विजेंद्र को अब तक यकीन हो चुका था कि उसकी किस्मत में कोई तो दुल्हन होगी। लेकिन इस बार तो हद ही हो गई–शादी की रस्में शुरू ही हुई थीं कि दुल्हन मौके से फरार!



पंडित मंत्र अधूरे छोड़कर भाग गया, और बाराती थालियों की जगह माथा पकड़ कर बैठे नजर आए। और जब चौथी बार फिर से शादी का 'सपना' दिखाया गया, तो लगा कि अबकी बार सब सही होगा। लड़की आई, शादी भी हुई, लेकिन जब विदाई का वक्त आया, तो दुल्हन ने दो टूक कह दिया - मैं तो इसके साथ नहीं जाऊंगी। विजेंद्र को उस पल समझ आ गया कि उसके साथ 'शादी' नहीं, ठगी हो रही है। इन चार शादियों में, विजेंद्र ने कुल 3 लाख 85 हजार रुपए खर्च किए। कभी लड़की के कपड़े के नाम पर, कभी मंडप बुकिंग के बहाने, कभी दहेज की औपचारिकताओं के तर्क पर, तो कभी लड़की वालों की मर्जी का हवाला देकर। पैसे गए, लड़की नहीं आई। जब विजेंद्र ने इन पड़ोसियों - पप्पू भारती, अमर भारती, भंवरी देवी और राकेश भारती से अपने पैसे लौटाने की मांग की, तो शुरू में उसे 'दो महीने बाद' का झुनझुना पकड़ा दिया गया। लेकिन जब वह बार-बार पैसे मांगने लगा, तो आरोपियों ने नया पैंतरा खेला - ज्यादा बोला तो तुझे ही फर्जी केस में फंसा देंगे और जेल भिजवा देंगे। अब तक जिसकी आंखों में 'सात फेरों' का सपना था, वो अब 'धारा-420' गिनने में लगा है। अंत में, ठगी का शिकार बना ये बेचारा दूल्हा पुलिस की चौखट पर पहुंचा और लूणी थाने में अपने ही चारों पड़ोसियों के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया।

## एशिया कप, भारत-पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में खेलेंगे, फाइनल समेत सुपर-4 के एक मैच को छोड़कर सभी मैच यहीं होंगे




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने शनिवार को मेंस एशिया कप के मुकाबलों के लिए वेन्यू का ऐलान कर दिया। हालांकि, शेड्यूल का ऐलान पहले ही किया जा चुका था। एशिया कप 9 से 28 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप मुकाबला रविवार (14 सितंबर) को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक ही ग्रुप में हैं। ऐसे में रविवार (21 सितंबर) को सुपर 4 मैच में फिर से उनके आमने-सामने होने की उम्मीद है।

## ओवल टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के शतक के पीछे रोहित शर्मा का हाथ! ना ऐसा कहते, ना शतक बनता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ कैनिंग्टन ओवल टेस्ट में भारतीय टीम के दमदार बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 118 रन की पारी खेली. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान इंग्लैंड के किसी भी गेंदबाज को नहीं छोड़ा और सभी की जमकर क्लास लगाई. उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान 14 चौके और दो छक्के लगाए. तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद भारतीय खिलाड़ी ने मैच के दौरान रोहित शर्मा के साथ हुई बातचीत को लेकर बड़ा खुलासा किया. रोहित शर्मा की बात की जाए तो वो टीम इंडिया को चीयर करने के लिए कैनिंग्टन ओवल स्टेडियम पहुंचे हुए थे. खेल के तीसरे दिन उन्हें खिलाड़ियों से भी बातचीत करते हुए देखा गया. अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें यशस्वी जायसवाल कह रहे हैं, विकेट मुझे थोड़ा मुश्किल लग रहा था क्योंकि वहां पर गेंद का मूवमेंट हो रहा था. रोहित भाई की बात की जाए तो मैंने उन्हें देखा और हेलो बोला. उन्होंने मुझे यही मैसेज दिया कि खेलते रहना. तो वो बस यही था. रोहित शर्मा की बात की जाए तो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले उन्होंने टेस्ट फॉर्मेट से संन्यास ले लिया है जिसकी वजह से शुभमन गिल को उनकी जगह कप्तान बनाया गया. सिर्फ रोहित शर्मा ही नहीं विराट कोहली ने भी टेस्ट फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है. उन्होंने भी इस सीरीज के शुरू होने से पहले ये फैसला लिया.

## कोपा अमेरिका फैमिना: ब्राजील फुटबॉल टीम फिर चैंपियन, नौवीं बार जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना का खिताब



**क्रिटो (इक्वाडोर), एजेंसी।** छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई। लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया।

**World Championship of Legends 2025: साउथ अफ्रीका बना चैंपियन**

# एबी डिविलियर्स के तूफान में उड़ा पाकिस्तान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका चैंपियंस का सामना पाकिस्तान चैंपियंस के साथ एजबेस्टन, बर्मिंघम में हुआ। इस मैच में एबी डिविलियर्स की तूफानी नाबाद शतकीय पारी के दम पर प्रोटियाज ने पाकिस्तान को 9 विकेट से हरा दिया और वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 का खिताब अपने नाम किया।

इस मैच में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया था और फिर 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 196 रन का टारगेट मिला था और इस टीम ने 16.5 ओवर में एक विकेट पर 197 रन बनाकर मैच जीत लिया। इस हार के साथ ही मोहम्मद हफीज की कप्तानी में पाकिस्तान का चैंपियन बनने का सपना टूट गया और इस टीम को उप-विजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

**पाकिस्तान की पारी, शरजील खान ने खेली 76 रन की पारी**

पाकिस्तान की तरफ से ओपनर बल्लेबाज शरजील खान ने अपनी टीम के लिए सबसे बड़ी पारी खेली और उन्होंने 44 गेंदों पर 4 छक्के और 9 चौकों की मदद से 76 रन की पारी खेली। कामरान अकमल 2 रन पर आउट हुए जबकि कप्तान मोहम्मद हफीज ने 17 रन तो शोएब मलिक ने 20 रन बनाए। उमर अमीन ने 19 गेंदों पर नाबाद 36 रन की पारी खेली जबकि आसिफ अली ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। आमिर यामीन 2 रन की पारी खेलकर नाबाद रहे। साउथ अफ्रीका के लिए पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में विल्जोएन और वेन पार्नेल ने 2-2 विकेट लिए जबकि ओलिवियर को एक सफलता मिली।

### साउथ अफ्रीका की पारी, एबी ने 47 गेंदों पर लगाया शतक

साउथ अफ्रीका के लिए ओपनर हाशिम अमला ने 18 रन बनाए। एबी डिविलियर्स ने पहले 24 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और फिर उन्होंने 47 गेंदों पर शतक पूरा किया जो इस टूर्नामेंट में उनका तीसरा शतक भी रहा। एबी ने पाकिस्तान के खिलाफ इस मैच में 60 गेंदों पर 7 छक्के और 12 चौकों की मदद से नाबाद 120 रन की पारी खेली जबकि डुमिनी ने उनका पूरा साथ दिया और उन्होंने 28 गेंदों पर 2 छक्के और 4 चौकों की मदद से नाबाद 50 रन की पारी खेली। पाकिस्तान की तरफ से एकमात्र विकेट सईद अजमल को मिला।

## पीसीबी का बड़ा फैसला, अब डब्ल्यूसीएल में नहीं खेलेगा पाकिस्तान

**भारत के न खेलने पर लगाया पूरी तरह से बैन; साउथ अफ्रीका चैंपियन बना**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने पिछले सीजन पाकिस्तान को हराकर वर्ल्ड चैंपियंनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब जीता था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में भविष्य में हिस्सा लेने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला भारत और पाकिस्तान के बीच हुए विवाद के बाद लिया गया। भारतीय टीम ने डब्ल्यूसीएल 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच खेलने से इनकार कर दिया था। इसमें सेमीफाइनल और ग्रुप स्टेज का मुकाबला शामिल है। पीसीबी ने इसकी घोषणा रविवार को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 79वीं मीटिंग के बाद की। मीटिंग की अध्यक्षता मोहसिन नकवी ने की । पीसीबी ने बयान में कहा गया, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम के मद्देनजर, जो बाहरी दबावों के स्पष्ट और असहनीय प्रभाव तथा खेल की निष्पक्षता के सिद्धांतों की अवहेलना को उजागर करता है, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को मजबूरी में कड़ा रुख अपनाना पड़ रहा है। पीसीबी अब ऐसे टूर्नामेंट में भाग लेने की अनुमति नहीं दे सकता, जहां निष्पक्ष खेल भावना और स्वतंत्र संचालन जैसे मूलभूत सिद्धांत बाहरी हस्तक्षेप के कारण समझौते की भेंट चढ़ जाएं।

**कप्तान गिल और अन्य ने आकाश दीप के अर्धशतक की अहमियत बताई**

# यह शतक से कम नहीं...



**लंदन (यूके), एजेंसी।** आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेले जा रहे अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन देर रात चौथे नंबर पर नाइट वॉचमैन के तौर पर उतरे। बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि वह ज़्यादा देर तक टिकेंगे, लेकिन तीसरे दिन के अंत तक, इस तेज गेंदबाज ने 94 गेंदों पर 66 रनों की निर्णायक पारी खेली जिसका अहम योगदान भारत को 396 रनों का स्कोर बनाने में मदद कर सका।

भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पोस्ट किया, जहां सभी ने आकाश की बल्लेबाजी पर अपने विचार साझा किए। आकाश ने बल्लेबाजी के लिए जाने से पहले अपनी मानसिकता की एक झलक साझा की। उन्होंने कहा, जब मैं कल रात सोने गया, तो मेरी मानसिकता यही थी कि मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद मुझे आउट भी कर दे, तो भी मैं आउट नहीं होना चाहता। अगर गेंद शरीर पर भी लगे, तो भी मैं खेलना चाहता हूं।

आकाश ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के साथ 107 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, बेहतरीन बल्लेबाजी की और इंग्लिश आक्रमण को नाकाम कर दिया। उन्होंने कहा, जहां गेंद को खेलने की जरूरत थी, हमने जशू (यशस्वी जायसवाल) के साथ 100 रनों की साझेदारी की। इसलिए यह मेरे लिए बहुत खास है। अर्धशतक तो खास है ही, उससे भी ज्यादा खास है वो दो घंटे जो मैंने सुबह टीम के लिए खेले, वो। दूसरी तरफ से मुकाबला देख रहे जायसवाल ने अपने साथी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की वो कमाल की है। हम बीच में अच्छी बातचीत कर रहे थे। हां, मुझे उम्मीद है कि वो हमारे लिए ऐसा करते रहेंगे।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल आकाश की पारी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। भारतीय कप्तान ने कहा, काफी समय से हम आपस में मजाक करते आ रहे हैं। बल्लेबाज गेंदबाजों को योगदान देने के लिए कहते रहते हैं। आज सुबह जब वह बल्लेबाजी करने गए, तो हमने उनसे एक बात कही, अगर कोई गेंद आपके रडार में है, तो उसका पूरा इस्तेमाल करने की कोशिश करो। मुझे लगता है कि उनके 66 रन किसी शतक से कम नहीं हैं।

# साइना नेहवाल ने तलाक का फैसला लिया वापस



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट साइना नेहवाल ने 14 जुलाई, 2026 को अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का फैसला किया था, लेकिन अब इस कपल ने अपने फैसले को वापस ले लिया है. बैडमिंटन प्लेयरसाइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप अपने रिश्ते को एक और मौका देना चाहते हैं. साइना नेहवाल ने आज शानिवार, 2 अगस्त को अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी शेयर की.

**पति पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को दिया एक और मौका**

**साइना नेहवाल ने 19 दिन में बदला फैसला**

साइना नेहवाल ने 19 दिन पहले 13 जुलाई की रात को इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके अपने पति पारुपल्ली कश्यप से अलग होने का ऐलान किया था. साइना नेहवाल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा था कि जिंदगी हमें कभी-कभी अलग-अलग रास्तों पर ले जाती है. बैडमिंटन प्लेयर ने आगे लिखा था कि मैंने और पारुपल्ली कश्यप ने काफी सोचने के बाद अलग होने का फैसला किया है. हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और बेहतर जीवन चुनना चाहते हैं. मैं अब तक ही सभी यादों के लिए खुद को भाग्यशाली मानती हूं और इसके बदले में कुछ नहीं चाहती. साइना नेहवाल ने आगे लिखा था कि हमारी बात समझने के लिए शुक्रिया और हमारी प्राइवेसी का भी ध्यान रखिएगा.

साइना नेहवाल ने अपने इस पोस्ट के 19 दिन बाद ही पारुपल्ली कश्यप के साथ रिश्ते को एक और मौका दिया है. साइना ने इस पोस्ट में अपने पति के साथ फोटो शेयर की है.

इस फोटो में वे पहाड़ों में घूमते नजर आ रहे हैं. इस तस्वीर के साथ साइना नेहवाल ने लिखा कि कभी-कभी दूरियां आपको लोगों की अहमियत बता देती हैं. यहां हम दोनों हैं और फिर एक बार कोशिश कर रहे हैं. इस पोस्ट को साइना नेहवाल ने पारुपल्ली कश्यप के साथ कोलैबोरेशन में शेयर किया है.

## जेसन होल्डर की मदद से वेस्टइंडीज की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत

**लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी।** जेसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को 2 विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को 9 विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।



**नेशनल बैंक ओपन:**

## विक्टोरिया एमबोको ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, गत चैंपियन पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

**मांट्रियल, एजेंसी।** कजाखस्तान की नौवीं वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी। कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए शनिवार को यहां नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है।



फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को हुए मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे।

**इंडिया-इंग्लैंड टेस्ट:**

# रविंद्र जडेजा इंग्लैंड में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय की लिस्ट में नंबर 3 पर पहुंचे, गावस्कर-स्टीव वॉ का यह रिकॉर्ड तोड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में रविंद्र जडेजा ने 9 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने काफी अच्छी बैटिंग की और 77 गेंदों पर 5 चौकों के साथ 53 रन की अहम पारी खेली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बनाए जिसमें जडेजा का भी अहम योगदान रहा।

जडेजा ने अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दम पर कुछ शानदार रिकॉर्ड्स अपने नाम किए और वो अब इंग्लैंड में भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए और सुनील गावस्कर को पीछे छोड़ दिया साथ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। रविंद्र जडेजा अब भारत की तरफ से इंग्लैंड की धरती पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए। जडेजा ने इंग्लैंड की धरती पर अब तक टेस्ट में 33 पारियों में 1158 रन बनाए हैं जबकि गावस्कर ने 28 पारियों में 1152 रन बनाए थे। इस लिस्ट में 1575 रन के साथ सचिन तेंदुलकर पहले स्थान पर हैं जिन्होंने ये रन 30 पारियों में बनाए थे।

**इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स**

1575 रन - सचिन तेंदुलकर (30)
1376 रन - राहुल द्रविड़ (23)
1158 रन - रविंद्र जडेजा (33)
1152 रन - सुनील गावस्कर (28)
1146 रन - केएल राहुल (28)
1096 रन - विराट कोहली (33)
1035 रन - ऋषभ पंत (24)



**स्टीव वॉ से आगे निकले जडेजा**

एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में जडेजा अब 5वें नंबर पर आ गए और स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया। जडेजा ने इस टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 516 रन बनाते हुए वॉ को पीछे छोड़ा। वॉ ने 1989 में इंग्लैंड के खिलाफ ही एक टेस्ट सीरीज में नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए 506 रन बनाए थे।

एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन (नंबर 6 या उससे नीचे बैटिंग करते हुए)

722 रन - गैरी सोबर्स बनाम इंग्लैंड,1966
606 रन - डेनिस लिंडसे बनाम ऑस्ट्रेलिया,1966
562 रन - शिवनारायण चंद्रपॉल बनाम भारत, 2002
517 रन - वसीम राजा बनाम वेस्टइंडीज,1977
516 रन - रविंद्र जडेजा बनाम इंग्लैंड,2025
506 रन - स्टीव वॉ बनाम इंग्लैंड,1989

# छत्रसाल स्टेडियम में सांसद निधि की 2 करोड़ रूपए से होगा स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट का निर्माण

### पूर्व मंत्री एवं विधायक ने जताया आभार

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्टेडियम के विकास कार्यों के संबंध में ली बैठक

**पन्ना।** राज्यसभा सांसद एवं केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरूगन द्वारा विधानसभा क्षेत्र पन्ना अंतर्गत छत्रसाल स्टेडियम में युवाओं एवं खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। शनिवार को कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने स्टेडियम परिसर में विकास कार्यों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल दमोह द्वारा उक्त कार्य करवाया जाएगा। इसके दृष्टिगत हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री आर.के. बाथम को एक सप्ताह में आवश्यक सर्वे कार्य पूर्ण करने तथा पूर्व से स्वीकृत कार्यों का परीक्षण कर निर्धारित कार्य योजनानुसार नवीन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। यहां फ्लड लाइट सहित अन्य कार्य भी पृथक से होंगे, जबकि निर्धारित राशि से तय कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी के अधिकारी से कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा। साथ ही प्रस्तावित कार्यों की पूर्व तैयारी के संबंध में भी विचार विमर्श किया। बैठक में उपस्थितजनों से सुझाव प्राप्त कर छत्रसाल स्टेडियम को बेहतर स्वरूप में तैयार करने की सहमति बनी। यहां प्रथम चरण में स्वीमिंग पूल एवं टेनिस कोर्ट के निर्माण सहित अन्य विकास काय्र कराए जाएंगे। साथ ही भविष्य में अन्य आवश्यक कार्यों का प्रस्ताव भी भेजा जाएगा। जिला कलेक्टर द्वारा स्टेडियम परिसर में सिंथेटिक टेऊेक्र निर्माण कार्य के लिए भी जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी कार्य प्रारंभ करने के पूर्व निरीक्षण कर आवश्यकताओं का आकलन भी कर लें तथा पहले चरण में निर्धारित कार्ययोजना पर कार्य कर छोटे एवं महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें। इस दौरान तलैया फील्ड में पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन एवं नगर पालिका द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी लेकर आवश्यक समन्वय के निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परिसर में निर्माणाधीन बहुउद्देशीय भवन के कार्यों तथा प्रस्तावित कार्यों के संबंध में स्थल का अवलोकन भी किया गया। साथ ही अन्य मार्गों से अतिक्रमण हटवाकर स्टेडियम पहुंच मार्ग को सुगम बनाने के लिए भी निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा युवा खिलाड़ियों की सुविधाओं के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं प्रभारी खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी एस.पी.एस. बघेल सहित सीएमओ उमाशंकर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## उड़ला के निवासियों ने कलेक्टर के आदेश का किया विरोध, अन्य ग्राम के लोगों को जबरदस्ती नहीं बसने देगे

**पन्ना।** जिले की अमानगंज तहसील अंतर्गत ग्राम उड़ला में कलेक्टर में आदेश करते हुए अन्य ग्राम साटा बुद्ध सिंह के 69 परिवारों को बसाने के लिए जमीन आवंटित की जा रही है जिसको लेकर उड़ला ग्राम के स्थानीय निवासियों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है तथा उनका कहना है कि हम लोग कई वर्षों से रह रहे हैं लेकिन कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा मनमाना आदेश जारी करते हुए उक्त ग्राम के लोगों को जबरदस्ती बसाया जा रहा है जबकि हमारे द्वारा नर्सरी लगाई पेड़ पौधे लगाए गए हम लोगों का सारा निस्तार इसी जमीन से होता है बसने वाले लोगों को कब्जा कराने एसडीएम तथा तहसील दार अमानगंजद्वारा दलबल लेकर उड़ला ग्राम पहुंचकर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन लोगों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है।

# आदिवासी नेता ने दिया रक्तदान, बचाई मरीज की जान

**पन्ना।** पन्ना के डीटी अस्पताल में भर्ती मरीज कन्हैया आदिवासी की जान आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष देबू गोंड ने रक्तदान कर बचाई। मरीज का ऑपरेशन होना था, लेकिन रक्त की कमी के कारण उनकी स्थिति गंभीर थी। मरीज के दामाद हरिपत आदिवासी ने रात 10 बजे आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष देबू गोंड और एकलव्य सेना के जिला अध्यक्ष जयराम यादव से संपर्क किया। दोनों नेता तुरंत अस्पताल पहुंचे और देबू गोंड ने अपना रक्तदान किया।



देबू गोंड ने एक साल में तीसरी बार रक्तदान किया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कोई नहीं होता है। इससे मरीज की जान बचती है और रक्तदाता का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

रक्तदान एक नेक कार्य है जिससे किसी की जान बचाई जा सकती है। आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष देबू गोंड का यह कार्य प्रेरणादायक है और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।

# जिला पंचायत का बड़ा कारनामा, लोकायुक्त में फंसे उप यंत्री को फिर दे दिया गया सेक्टर का प्रभार

**पन्ना।** पन्ना जिले में पैसा लेकर बड़े अधिकारी किसी भी भ्रष्ट बे अधिकारी को अधिकारी को जिम्मेदार हम जवाबदारी दे देते हैं उन्हें इससे कोई लेना देना नहीं है कि संबंधित अधिकारी कितना भ्रष्ट तथा कार्य के प्रति लापरवाह है इसी प्रकार का मामला पन्ना जनपद पंचायत का सामने आया है जिसमें लोकल की कार्यवाही में फंसे उपयंत्री अरविंद त्रिपाठी को मनोर सेक्टर का प्रभाव दे दिया गया है उनके सेक्टर में लगभग एक दर्जन पंचायतें आती है तथा जमकर फर्जी वाडा एवं भ्रष्टाचार किया जा रहा है गौर तलब है कि ओपन फ्री अरविंद त्रिपाठी जनपद पंचायत पवई पदस्थ रहते हुए भ्रष्टाचार के मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा रंगे हाथ में नुसरत लेते हुए गिरफ्तार किए गए थे उन्हें जिला पंचायत में अटैच किया गया था लेकिन जिला पंचायत के अधिकारियों द्वारा पन्ना जनपद में मनोर सेक्टर का प्रभार दिया गया है जिनके द्वारा ग्राम पंचायत क्षेत्र में घटिया निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं तथा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है स्थानीय लोगों में जिला कलेक्टर से संबंधित उपयंत्री सहित जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# शराब के लिए पैसा मांगने वाला आरोपी अभिषेक मिश्रा गिरफ्तार

**पन्ना।** सलेहा पुलिस थाना द्वारा गाली गलौज करते हुए शराब के लिए पैसा मांगने वाले अभिषेक मिश्रा को गिरफ्तार करते हुए विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया गय आरोपी से कई लोग पीड़ित थे थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक आवेदन देकर कार्यवाही की मांग कर चुके थे पूर्व में भी ग्राम पंचायतपंचायत भुलगवां के सरपंच द्वारा विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया था दर्ज करवाया था इसी कड़ी में/ 1/8/25 को थाना सलेहा में फरियादी लोकेन्द्र पिता मलखान सिंह निवासी सिमरी बाहदुर ने शिकायत दर्ज कराई की में 31/7



को ग्राम जुड़ी से रात करीब 9 बजे अपने घर सिमरी जा रहा था जैसे में सिमरी मोड़ पहुंचा वहां पर मुझे अभिषेक मिश्रा पिता कामता मिश्रा निवासी बछरवारा मिला बोला मुझे दारू की पार्टी के लिए एक हजार रू दो मैंने कहा मेरे पास नहीं है तो अभिषेक भड़क गया और मुझे भद्दी गालियां देने लगा मैनै गाली देने से मना किया तो मुझे डंडा से मारने लगा जिससे मुझे गंभीर चोटे आई है इतने में जीतेन्द्र सिंह आ गया जिसने मुझे बचाया आरोपी ने यह भी कहा अगर दुबारा मिला या रिपोर्ट दर्ज कराई तो मैं जान से मार दूंगा रात में डर की वजह से रिपोर्ट करने नहीं गया घटना की जानकारी मैंने अपने बड़े भाई एवं पत्नी को बताई। सुबह सलेहा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज की जिसमें सलेहा पुलिस ने आरोपी की अपराधिक प्रवृति को देखते हुए तात्काल मामले की वेवचना कर बीएनस 115(2) 119(1) 296, 351(2) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी अभिषेक मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां न्यालय ने जैल भेज दिया।

# लालदास विश्वकर्मा सर्वसम्मति से बने ब्लॉक अध्यक्ष

### समाज के विकास और संगठनात्मक मजबूती को लेकर लिया गया संकल्प

**पन्ना**

विश्वकर्मा विकास परिषद गुनौर की एक महत्वपूर्ण बैठक 31 जुलाई 2025 को सायं 6 बजे परिषद के सक्रिय सदस्य लालदास विश्वकर्मा के निज निवास पर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य समाज की भावी दिशा तय करना, संगठन को मजबूती देना तथा आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श करना था।बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से लालदास विश्वकर्मा को चुना गया। उनके नाम का प्रस्ताव



रजनीश विश्वकर्मा ने रखा, जिसका समर्थन बृजेंद्र विश्वकर्मा सहित उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर किया। उनका निर्वाचन पूरी तरह निर्विवाद रहा और समाज के सभी वर्गों ने इस निर्णय का खुले मन से स्वागत किया।बैठक में गुनौर ब्लॉक में समाज के लिए सामुदायिक भवन निर्माण हेतु भूमि चयन तथा भवन निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ करने पर सहमति बनी। प्रस्तावित भवन को समाज के सांस्कृतिक, सामाजिक व शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए केंद्र बिंदु बनाने का निर्णय लिया गया।इसके साथ ही समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की मदद, शिक्षा और स्वरोजगार को बढ़ावा, तथा युवाओं को समाज सेवा से जोड़ने के लिए कार्ययोजना पर विचार किया गया। सभी सदस्यों ने समाज को संगठित, जागरूक और स्वावलंबी बनाने का संकल्प दोहराया।बैठक में प्रमुख रूप से बृजेंद्र विश्वकर्मा, नारायण दत्त विश्वकर्मा, रविंद्र विश्वकर्मा, राम बहोरी विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, द्वारका विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, जितेंद्र विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, सुमित विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ओमप्रकाश विश्वकर्मा समेत समाज के दर्जनों जागरूक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति पर नवचयनित अध्यक्ष लालदास विश्वकर्मा ने समाज के विश्वास और समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग बनाए रखने की अपील की।यह बैठक समाज के अंदर संगठनात्मक एकजुटता, नेतृत्व क्षमता और विकासशील सोच का उदाहरण बनकर सामने आई, जिससे आने वाले समय में समाज को नई दिशा मिलने की पूरी संभावना है।

# मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन, शासकीय उ.मा. विद्यालय कुंवरपुर की टीम ने मारी बाजी

**पन्ना।** मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पन्ना में सफल आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधता, कला, प्राकृतिक समृद्धि एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से छात्रों को अवगत कराने तथा पर्यटन के माध्यम से जागरूक करने के उद्देश्य से पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन वर्ष 2016 से निरंतर किया जा रहा है। इस तारतम्य में पर्यटन क्विज 2025 प्रतियोगिता का आयोजन मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में एक साथ व एक ही तिथि को मध्यप्रदेश



पर्यटन विभाग द्वारा दो चरणों में किया गया। प्रथम चरण में पंजीकृत हुए 113 टीमों में से 78 उपस्थित टीमों के स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा लिखित परीक्षा दी गई। इसमें चयनित छात्र-छात्राओं की छह टीमें बनाकर पर्यटन क्विज के द्वितीय चरण में शामिल किया गया, जिसमें प्रोजेक्टर के माध्यम से क्विज मास्टर रामकिशोर गर्ग द्वारा सवाल किए गए, जिसके जवाब बड़े ही उत्साह से प्रतिभागियों द्वारा दिए गए। प्रतियोगिता में 210 अंक प्राप्त करके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवरपुर की टीम के प्रतिभागी कुमकुम पटेल, रक्षा पटेल, आराधना पटेल राज्य स्तर पर सहभागिता करेंगे। द्वितीय स्थान पर सांदीपनि उ.मा. विद्यालय पन्ना, तृतीय स्थान पर मनहर विद्यालय पन्ना रहे। इन टीमों को मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा तीन दिन दो रात पर्यटन स्थल पर भ्रमण कराया जाएगा। उप विजेता टीम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारी, लिस्यू आनंद उ.मा. विद्यालय पन्ना एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना रहे। जिला कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुए कार्यक्रम में समापन के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, पर्यटन विभाग के सुमित खापर्डे, डीपीसी अजय गुप्ता की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण संपन्न हुआ। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्जवलन कर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं विजेता और उप विजेता टीम को पदक एवं प्रमाण पत्र व यात्रा कूपन वितरित किए गए। प्रतियोगिता में मूल्यांकन प्रभारी के रूप में प्रमोद कुमार खरे, हरिराम माली, कविता गुप्ता, स्कोरर के रूप में भानुप्रकाश खरे, रश्मि गुप्ता, राजकिशोर शर्मा, गीतावली सिंह, समयपाल के रूप में सुनील कुमार पांडे, कृष्ण शरण त्रिपाठी, दिनेश कुमार अवस्थी, तकनीकी सहयोग में लक्ष्मीकांत निगम सहित अवध बिहारी दहायत, प्रेम सिंह, नरेन्द्र कुमार गुप्ता, शिवकुमार वर्मा, कमलेश कुमार त्रिपाठी, देवशरण अहिरवार, ब्रजनंदन प्रजापति का सहयोग सराहनीय रहा।

# पंजीकृत संस्थाओं से ही गोद ले सकते हैं बच्चा

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चा गोद लेने के संबंध में आवश्यक शर्त व दस्तावेजों सहित अन्य वांछित प्रक्रियाओं के बारे में अवगत कराया गया है, जिसके तहत जानकारी दी गई है कि विवाह के 2 वर्ष पूर्ण होने पर अथवा अविवाहित होने की स्थिति में बच्चों को गोद लिया जा सकता है। कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसके पास बच्चे के पालन पोषण के लिए पर्याप्त संसाधन हैं, ऐसे इच्छुक व्यक्ति इसके लिए पात्र हैं। नि:संतान या पूर्व से संतान होने के अलावा पहले भी बच्चा गोद के चुके व्यक्ति पुन: बच्चा गोद ले सकते हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चा गोद लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज निर्धारित किए गए हैं। इसमें परिवार की फोटो, संभावित माता-पिता की फोटो, जन्म प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, निवास संबंधी प्रमाण पत्र (आधार कार्ड, पासपोर्ट, बिजली, फोन बिल) आय प्रमाण पत्र (सेलरी स्लिप, इन्कम टैक्स रिटर्न इत्यादि), मेडिकल प्रमाण पत्र, विवाहित होने की स्थिति में विवाह प्रमाण पत्र, सक्षम न्यायालय द्वारा जारी विवाह विच्छेद डिक्री, दो व्यक्तियों का रिफरेंस लेटर तथा घर में पांच वर्ष या अधिक आयु के बालक-बालिकाएं होने की स्थिति में उनकी सहमति जरूरी है।

संभावित माता पिता को सर्वप्रथम महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण की वेबसाइट बंतंण्दपबण्पद पर पंजीयन उपरांत आवश्यक दस्तावेज अपलोड करना जरूरी है। पंजीयन के दो माह के भीतर गृह अध्ययन रिपोर्ट के लिए 6 हजार रूपए की राशि निर्धारित है, जो बाल देखरेख संस्था द्वारा तैयार कर अपलोड की जाती है। इस रिपोर्ट की अवधि तीन वर्ष तक वैध है। इसके पश्चात पुन: नवीनीकरण कराया जाता है। किसी संस्था से बच्चे को दत्तक ग्रहण के पूर्ण संभावित माता पिता को देखभाल में लेना भी आवश्यक है।

## रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर सुकन्या रक्षा अभियान 30 सितम्बर तक

**सतना।** मध्यप्रदेश डाक विभाग द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोलने हेतु 30 सितम्बर 2025 तक सुकन्या रक्षा अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सुकन्या समृद्धि योजना के वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के साथ-साथ समाज में बालिकाओं के भविष्य के प्रति जागरूकता बढाना है। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक शाखा डाकघर में संबंधित क्षेत्र की योग्य बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि खाता, बचत बैंक खाता, आवर्ती जमा (आरडी) एवं सावधि जमा (टीडी) खाता खोले जायेंगे। उन्होंने बताया कि यह अभियान न केवल वित्तीय समावेशन को बढावा देगा बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को भी प्रोत्साहित करेगा। सभी नागरिकों से अपील की है कि निकटतम डाकघर में संपर्क कर इस योजना का लाभ उठायें और अपने क्षेत्र की बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य में अपना योगदान दें।

## मैहर जिले में अब तक 709.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 अगस्त 2025 तक 709.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 777 मि.मी., मैहर में 621.1 मि.मी. एवं रामनगर में 730.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## जिले में अब तक 674.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 3 अगस्त तक 674.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 818.5 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 593.7 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 830.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 588 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 569.7 मि.मी., नागौद में 837 मि.मी., जसो (नागौद) में 336.9 मि.मी. एवं उचेहरा में 819.8 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 363.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

# मध्यप्रदेश में चलेगा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान

### सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किये निर्देश

**सतना।** मध्यप्रदेश में ''हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग'' अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चायें आयोजित की जाएंगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा रंगोली, तिरंगा राखी निर्माण, तिरंगा बुनाई, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, तिरंगा सजावट और प्रकाश व्यवस्था तथा सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां संचालित होगी। अभियान के द्वितीय चरण में 9 से 12 अगस्त तक लोगों को साथ लाने, व्यापक प्रचार-प्रसार, ध्वजों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगे की दृश्यता के लिये कार्य किये जायेंगे। स्थानीय उत्पादों पर केंद्रित तिरंगा मेला, तिरंगा केसर्ट, तिरंगा बाइक, तिरंगा साइकिल रैली, उच्च जनभागीदारी के साथ तिरंगा यात्रा, तिरंगा ध्वज की बिक्री और समुचित व्यवस्था, मानव श्रृंखला निर्माण, तिरंगा गान जैसे कार्यक्रम होंगे। अभियान के तृतीय चरण में 13 से 15 अगस्त तक घर, कार्यालयों तथा वाहनों पर तिरंगा लगाने, सेल्फ़ी अपलोड, सर्वत्र तिरंगे की दृश्यता तथा संस्कृति मंत्रालय के साथ सूचनाओं का सतत आदान-प्रदान किया जायेगा। हर जगह तिरंगा दृश्यता, तिरंगा के साथ रिकॉर्ड इत्यादि महत्वपूर्ण कार्यक्रम किये जायेंगे। केन्द्रीय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त सहयोग से चलने वाले इस अभियान की परिकल्पना सामूहिक उत्सव और नागरिक एकता की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के सार को स्वच्छता और सुजलता के संकल्प के साथ जोड़ा गया है। इस प्रकार, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित जल आपूर्ति, प्रभावी जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य और बेहतर स्वच्छता सुनिश्चित करने से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को बल मिलेगा।

अभियान में स्वच्छ भारत मिशन (एसवीएम-जी) और जल-जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत गांवों, ग्राम पंचायतों में विविध गतिविधियाँ होंगी, जिनमें स्वच्छ सुजल गांव प्रतिज्ञाएं, सामुदायिक सफाई अभियान, परिसंपत्तियों की सफाई, जागरूकता गतिविधियां, जल-संरक्षण और 15 अगस्त 2025 को अमृत सरोवर, सार्वजनिक स्थानों आदि सहित प्रमुख वाश अवसंरचना स्थलों पर ध्वजारोहण समारोह शामिल है। यह प्रतीकात्मक कार्य सुरक्षित जल और स्वच्छता तक पहुंच द्वारा लाई गई स्वतंत्रता, गरिमा और कल्याण को दर्शाता है। अभियान में ज़िलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इसमें स्थानीय संस्थाओं, ग्राम जल सेवा समितियों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं, साथ ही स्कूली बच्चों, स्वयं-सेवकों और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को इस अभियान का नेतृत्व करने और इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित किया जायेगा। व्यापक जनभागीदारी के साथ ही झण्डा फहराने की सेल्फी अपलोड करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अधिकाधिक संख्या में झण्डों की आपूर्ति स्थानीय स्तर से सुनिश्चित की जाये। अभियान के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सामान्य प्रशासन विभाग ने समस्त संभागायुक्त, कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों को निर्देश जारी किए हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, सोमवार 04 अगस्त 2025 | 8


रीवा को एक और नई ट्रेन की सौगात मिल गई। रीवा से पुणे (हडपसर) ट्रेन को रीवा रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रेलमंत्री श्री अश्वनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली ट्रेन को हरी झण्डी दिखाई।




# रीवा को मिली एक और नई ट्रेन की सौगात

## विन्ध्य क्षेत्र उन्नति और प्रगति की ओर सतत अग्रसर है : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** रीवा को एक और नई ट्रेन की सौगात मिल गई। रीवा से पुणे (हडपसर) ट्रेन को रीवा रेलवे स्टेशन से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। रेलमंत्री श्री अश्वनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्चुअली ट्रेन को हरी झण्डी दिखाई।



इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य क्षेत्र उन्नति और प्रगति की ओर सतत अग्रसर है। रीवा को 17वीं ट्रेन की सौगात मिली है। रीवा से पुणे ट्रेन के संचालन से रेल कनेक्टिविटी को गति मिलेगी और इस ट्रेन से महाराष्ट्र की व्यावसायिक नगरी पुणे तक पहुंचना अधिक सरल और सुलभ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन के माध्यम से मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र के बीच सामाजिक व आर्थिक संबंधों को मजबूती मिलेगी। विन्ध्य के व्यवसायियों, विद्यार्थियों तथा अन्य यात्रियों के लिए यह ट्रेन वरदान साबित होगी। श्री शुक्ल ने कहा कि ललितपुर-सिंगरौली ट्रेन मार्ग के बन जाने से रीवा मुख्य धारा में शामिल हो जाएगा और यह क्षेत्र विकसित क्षेत्र के तौर पर जाना जाने लगेगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने रीवा को ट्रेन की सौगात देने व अत्याधुनिक रेलवे स्टेशन के निर्माण के लिए सांसद श्री जनार्दन मिश्रा को साधुवाद दिया। उप मुख्यमंत्री ने रीवा से राजकोट जाने वाली ट्रेन को तीन दिन चलाए जाने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि रीवा रेलवे के विकास के लिए प्रधानमंत्री एवं रेलमंत्री जी का योगदान महत्वपूर्ण है।

ललितपुर-सिंगरौली रेलमार्ग के बन जाने पर रीवा विकसित रेलवे स्टेशन होगा और इस क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास हो सकेगा। श्री मिश्र ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन आयोग की शर्त अब मूर्त रूप ले रही है जबकि ललितपुर-सिंगरौली रेल लाइन को गति मिलनी प्रारंभ हो गई है। उन्होंने रीवा रेलवे स्टेशन के निर्माणाधीन कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने की अपेक्षा रेलवे की अधिकारियों से की। पूर्व महापौर श्री वीरेन्द्र गुप्त ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्ष 2014 के बाद रीवा रेलवे स्टेशन में विकास के कार्य हुए। नई ट्रेनों का संचालन प्रारंभ हुआ तथा यात्रियों की सुविधाओं में वृद्धि हुई। रेलवे अधिकारी श्री सुनील ने बताया कि रीवा रेलवे स्टेशन में विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। रीवा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिवस 16 हजार से अधिक यात्री यात्रा करते हैं। उनकी सुविधाओं के लिए भी विभिन्न कार्य प्रगतिरत हैं। कार्यक्रम को रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी वर्चुअली संबोधित किया। रीवा रेलवे स्टेशन में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, पूर्व महापौर राजेन्द्र ताम्रकार सहित जनप्रतिनिधि तथा रेलवे के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री कांवड़ यात्रा में हुए शामिल

## कांवड़ियों के साथ कांवड़ लेकर चले उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** रीवा में आयोजित दिव्य कांवड़ यात्रा को उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बाबा घाट से रवाना किया। कांवड़ यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुइ पचमठा धाम पहुंची जहाँ वृहद भण्डारे का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल स्वयं कांवड़ लेकर कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कांवड़ियों का अभिनंदन किया तथा कांवड़ यात्रा में शामिल भगवान के विभिन्न स्वरूपों को धारण करने वालों का अभिनंदन किया। उप मुख्यमंत्री ने पचमठा शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को दिव्य कांवड़ यात्रा में शामिल होकर शिवभक्ति, सेवा और अनुशासन के अनुपम संगम के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि श्रावण मास की यह पावन यात्रा जन आस्था, सामाजिक एकता और आध्यात्म



की गहराई का अद्भुत प्रतीक है। श्री शुक्ल ने मनकामेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की तथा शिवलिंग निर्माण एवं रूद्राभिषेक भी किया। दिव्य कांवड़ यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, पूर्व महापौर वीरेन्द्र गुप्त, सतीश सोनी सहित बड़ी संख्या में कांवड़िए व स्थानीयजन शामिल हुए।

## कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 4 अगस्त को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में टीएल पत्रों तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करेंगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गए हैं।

# हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी भाजपा : वीरेंद्र

**रीवा।** भाजपा कार्यालय रीवा में आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमें पार्टी द्वारा तय किए गए आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई और उसका क्रियान्वयन मंडल स्तर पर कार्य योजना तैयार की गई बैठक को सांसद जनार्दन मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन के बीच में आयोजित करने का जो कार्यक्रम तय किया है इसे पूरे जिले में पूर्ण किया जाए और हर कार्यकर्ताइस अभियान में जुटे इसका प्रयास हमें करना चाहिए रीवा जिला का भाजपा संगठन कार्यकर्ता आधारित और जान आधारित है इसे और मजबूत करें बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और बताया कि 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों, सेनानियों के प्रतिमा स्थल आदि पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएं तथा युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका सम्मान करें। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस मनाया जाएगा।

विभाजन की विभीषिका को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी आदि आयोजित की जाएं, तथा उस त्रासदी को झेल चुके व्यक्तियों, परिवारों से भेंट की जाए। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी पर प्रदेश के आदर्श संगठन को गढ़ने वाले श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती है। उनकी जयंती पर प्रत्येक बूथ पर पुष्पांजलि अर्पित की जाए, साथ ही युवाओं को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी देते हुए श्रद्धेय ठाकरे जी को विचारांजलि भी अर्पित करें। । उनकी पुण्यतिथि पर 16 अगस्त को पुष्पांजलि अर्पित की आगामी कार्यक्रमों,अभियानों तिरंगा यात्रा हर घर तिरंगा अभियान, विभाजन की विभीषिका सहित विभिन्न संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों की दृष्टि से आयोजित बैठक को जिला प्रभारी श्री शशांक श्रीवास्तव जी सिरमौर विधायक श्री दिव्यराज सिंह जी ने सम्बोधित किया।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी बैठक आज

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 4 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारी बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर कार्यालय के मोहन सभागार में टीएल बैठक के उपरांत दोपहर एक बजे से आहूत बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थिति के निर्देश दिए गए हैं।

# विकास के साथ संस्कृति, संस्कार, धर्म व आध्यात्म आवश्यक : शुक्ल

## भारतीय संस्कृति उत्थान कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विकास के साथ संस्कृति, संस्कार, धर्म व आध्यात्म आवश्यक है। भारतीय संस्कृति और सनातन को साथ लेकर चलने से ही आने वाली पीढ़ी के लिए विकास वरदान साबित होगा। उप मुख्यमंत्री एडीए इंपैक्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति उत्थान कार्यक्रम में शामिल हुए। कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोजकों द्वारा फैशन उद्योग के माध्यम से सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का उल्लेखनीय प्रयास किया है।



उनके द्वारा आयोजित फैशन शो में भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी और पारंपरिक भारतीय बुनाई कला, पुनर्नवीनीकरण सामग्री के उपयोग और पर्यावरण चेतना को सशक्त करने के संदेश देने वाले वस्त्र शामिल किए गए हैं, जो प्रशंसनीय हैं। उन्होंने सामाजिक परिवर्तन की ओर फैशन के माध्यम से किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। श्री शुक्ल ने युवाओं को रचनात्मक कार्यों के लिए एकजुट होकर कार्य करने के लिए बधाई देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामना दी। इस अवसर पर कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, आयोजक अमित द्विवेदी, राजन गुप्ता, नेहा शहजादी तथा बड़ी संख्या में शहरवासी व प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री ने सीटी स्केन मशीन का किया लोकार्पण



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी अस्पताल में आठ करोड़ रुपए की लागत की सीटी स्केन मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक मशीन के माध्यम से अब मरीजों को सीटी स्केन की सुलभता हो जाएगी। अत्याधुनिक मशीन उच्च गुणवत्ता से सीटी स्केन करने में सहायक होगी। इस अवसर पर डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, अधीक्षक संजय गांधी अस्पताल डॉ राहुल मिश्रा सहित रेडियोलॉजी विभाग के चिकित्सक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# जन जन का अभियान बनाने एवं हर घर में तिरंगा लगाने का कार्य करेंगे कार्यकर्ता : डॉ राजेंद्र

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मऊगंज में हर घर तिरंगा अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों के निमित्त योजना बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा ने अपने उद्बोधन में आगामी कार्यक्रम हर घर तिरंगा अभियान पर प्रकाश डालते हुए बताया की दिनांक 10 अगस्त से 14 अगस्त तक प्रत्येक मंडल मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, 13-15 अगस्त के बीच जिले के सभी मकान एवं दुकान पर तिरंगा लगाया जाएगा, 12-14 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानियों, शहीद जवानो के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा, 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलुस निकालकर एवं गोष्ठी कर लोगों को विभाजन की विभीषिका के बारे में अवगत कराया जाएगा, जन्माष्टमी के दिन पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रध्येय कुशाभाऊ ठाकरे जी की जयंती मंडल स्तर पर गोष्ठी कर मनाया जाएगा। बैठक में हर घर तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक डॉ एस एस तिवारी सह संयोजक प्रवीण सिंह जिला उपाध्यक्ष विपिन मिश्रा प्रकाश चौरसिया जयप्रकाश मिश्रा अवध बिहारी पाण्डेय पंकज पाण्डेय नीलम सिंह जिलामहामंत्री महेंद्र सिंह सरिता पटेल बी आर शैलानी जिला मंत्री अशोक साकेत अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष मुरलीधर द्विवेदी सुनील शुक्ला अमित सिंह मुन्द्रिका पटेल मोतीलाल बैगा, विनोद कोल, लवकुश सिंह नागेंद्र पटेल नगर परिषद अध्यक्ष नईगढ़ी नागिता गुप्ता,मनोज सिंह भरत पाण्डेय बृजेन्द्र गुप्ता संजय सोनी संतोष तिवारी स्वदीप सिंह बंशगोपाल तिवारी शीतला तिवारी सहित अपेक्षित कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना, ईआरओ और एईआरओ को भी मिलेगा मानदेय

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके साथ ही बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। आयोग ने पहली बार ईआरओ (निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) और एईआरओ (सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी) को भी मानदेय देने का निर्णय लिया है निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र की नींव हैं।

## संभाग के सभी अधिकारी सप्ताह में एक दिन साइकिल का उपयोग करें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभागान्तर्गत जिला मुख्यालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से स्वैच्छिक रूप से सप्ताह में एक दिन मंगलवार को कार्यालय आने के लिए साइकिल के उपयोग करने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि मंगलवार को कोई भी अधिकारी, कर्मचारी वाहन का उपयोग न करें। क्षेत्र भ्रमण हेतु दो से तीन अधिकारी समन्वय कर पूल वाहन का उपयोग करें जिससे निरीक्षण में सुगमता हो तथा दो या तीन विभागों से संबंधित विषय का त्वरित समाधान किया जा सके। महिला अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वयं की ई स्कूटी या सार्वजनिक वाहन के उपयोग की छूट रहेगी। कमिश्नर ने ईंधन की बचत, पर्यावरण प्रदूषण के स्तर को कम करने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत अधिकारियों-कर्मचारियों से साइकिल से कार्यालय आने की अपेक्षा की है।

## रीवा-प्रयागराज मार्ग के ढावों के समीप ट्रक पार्किंग एवं वाशिंग एरिया पर रोक लगाने के निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रीवा-प्रयागराज मार्ग पर स्थित ढावों के समीप ट्रक पार्किंग एवं वाशिंग एरिया में रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त एसडीएम एवं आरटीओ से कहा है कि ढावों के समीप पार्किंग व वाशिंग गतिविधियों के कारण मार्ग संकरा हो जाता व दुर्घटना की संभावना बनती है। अतः इन गतिविधियों पर रोक लगाते हुए आवश्यक व्यवस्था बनाएं ताकि आमजन व अन्य वाहनों के सुगम आवागमन में बाधा उत्पन्न न हो।

# हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करें : शुक्ल

## वृक्षारोपण के कार्य आगामी 15 दिन में पूर्ण कराएं : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने हिनौती गौधाम में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए वृक्षारोपण के कार्य को आगामी 15 दिवस में पूरा कराने की बात कही। नवीन सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री ने हिनौती गौधाम में भूसा शेड, गौवंश शेड तथा प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रशासनिक भवन का कार्य अगस्त माह में पूर्ण कर लिया जाए साथ ही हिनौती गौधाम में फेंशिंग का शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने गौधाम में 5 हजार वृक्षों के रोपण का कार्य आगामी 15 दिन में पूरा करने के निर्देश दिए तथा कहा कि इनकी सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े, डीएफओ लोकेश निरापुरे, एसडीएम पीके पाण्डेय, कटनी के पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, गौ संवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष विकास तिवारी, डॉ संजय सिंह उपस्थित रहे।



## समस्त पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को 31 अगस्त तक हर हाल में ई-केवायसी कराना अनिवार्य होगा

**रीवा।** सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के अधिकांश हितग्राहियों को 31 अगस्त तक हर हाल में ई-केवायसी कराना अनिवार्य होगा। नगर निगम के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रदेश शासन सामाजिक न्याय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग मंत्रालय के निर्देशानुसार विभागों के अंतर्गत संचालित समस्त पेंशन योजनाओं के अधिकांश हितग्राहियों की ई-केवायसी का सत्यापन नहीं हो पाया है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने तथा अपात्र हितग्राहियों को हटाने के लिए समस्त हितग्राहियों की ई-केवायसी होना अनिवार्य है।

# निलंबित शासकीय सेवकों को नियत समय में जारी करें आरोप पत्र : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि शासकीय कार्य में अनियमितता के दौरान दण्ड स्वरूप निलंबित शासकीय सेवकों को नियत समय पर आरोप पत्र जारी करें। उन्होंने कहा है कि निलंबन अवधि 45 दिवस पूर्ण हो जाने पर निलंबित शासकीय सेवकों को आरोप पत्र न मिलने पर वह स्वयमेव निलंबन से बहाल मानकर अपने कर्तव्य पर उपस्थित होने का प्रयास करते हैं। अतः समस्त कार्यालय प्रमुख शासकीय सेवक के निलंबन की कार्यवाही के उपरांत एक सप्ताह के अंदर आरोप पत्र, अभिलेख एवं साक्ष्य सूची सौंपा जाना सुनिश्चित करें ताकि प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जा सके।







स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विधि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833